❍ अवध की बेगम विलायत महल के नाम पर इसे 'विलायत महल' के नाम से जाना जाने लगा, जिनका दावा था कि वह अवध के शाही परिवार की सदस्य थीं। सरकार ने वर्ष 1985 में उन्हें यह महल दिया था।

**26. (b)**

**व्याख्या:** दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने अप्रैल 2023 में वाशिंगटन घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किये, इसका उद्देश्य उत्तर कोरिया की क्षेत्रीय आक्रामकता के विरुद्ध दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मज़बूत करना है। **अतः कथन (1) सही है।**

❍ उत्तर कोरिया द्वारा ह्वासोंग-8 ठोस-ईंधन अंतर-महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (ICBM) के सफल प्रक्षेपण के आलोक में यह साझेदारी की गई। **अतः कथन (2) सही है।**



641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009 | 21, पूसा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली | 13/15, ताशकंद मार्ग, निकट पत्रिका चौराहा, सिविल लाइन्स, प्रयागराज | प्लॉट नंबर-45 व 45-A हर्ष टावर-2, मेन टोंक रोड, वसुंधरा कॉलोनी, जयपुर | 47/CC, बर्लिंगटन आर्केड मॉल, विधानसभा मार्ग, लखनऊ

Phone: 8448485518, 011-47532596, 8750187501 :: www.drishtiIAS.com



Copyright – Drishti The Vision Foundation

WWW.PDFNOTES.CO

Call For Courier BHAVEST STUDY MATERIAL 9877045985

- यह समझौता परस्पर सहयोग की एक रूपरेखा तैयार करता है, जिसमें कोरियाई प्रायद्वीप में एक अमेरिकी परमाणु बैलिस्टिक पनडुब्बी तैनात करना, एक परमाणु सलाहकार समूह का गठन करना और परमाणु प्रगति के संबंध में दक्षिण कोरिया को खुफिया जानकारी प्रदान करना शामिल है।

**अतः विकल्प (b) सही है।**

**27. (c)**

**व्याख्या:** 2 जून, 2023 को अजय बंगा ने विश्व बैंक समूह के अध्यक्ष के रूप में अपने पाँच वर्ष के कार्यकाल की शुरुआत की। **अतः विकल्प (c) सही है।**

- वह साइबर रेडीनेस इंस्टीट्यूट के सह-संस्थापक हैं और इससे पूर्व वह इकोनॉमिक क्लब ऑफ न्यूयॉर्क के उपाध्यक्ष का पदभार संभाला था।
- वर्ष 2012 उन्हें में फॉरेन पॉलिसी एसोसिएशन मेडल तथा वर्ष 2016 में भारत के राष्ट्रपति द्वारा पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

**28. (a)**

**व्याख्या:** भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (ZSI) के वैज्ञानिकों ने ओडिशा के गंजम ज़िले की पालुर नहर में ईल की एक नई प्रजाति की पहचान की है। **अतः विकल्प (a) सही है।**

- नई प्रजाति का नाम प्राचीन ओडिशा के नाम पर पिसोडोनोफिस कलिंगा रखा गया है। यह ओफिचथिडे समूह और एंगुइलिफॉर्मिस वर्ग से संबंधित है।
- यह दिखने में सर्प जैसी होती है और इसकी लंबाई 560 मिलीमीटर से लेकर 7 मीटर तक हो सकती है। एशिया के सबसे बड़े लवणीय जल के लैगून चिल्का लैगून तथा निकटवर्ती पलूर नहर में इसकी खोज की गई थी।

**29. (b)**

**व्याख्या: न्यायमूर्ति रोहिणी आयोग:**

- न्यायमूर्ति जी. रोहिणी आयोग की अध्यक्ष।
- हाल ही में इस आयोग ने लगभग छह वर्ष के कार्य के बाद सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंपी।
- संविधान के अनुच्छेद 340 के तहत 2 अक्तूबर, 2017 को इसकी स्थापना की गई थी।
- इस आयोग का कार्य अन्य पिछड़ा वर्ग (OBCs) का उप-वर्गीकरण और उनके लिये आरक्षित लाभों का समान वितरण सुनिश्चित करना था। **अतः विकल्प (b) सही है।**
- राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (NCBC) ने वर्ष 2015 में अन्य पिछड़ा वर्ग (OBCs) को अत्यंत पिछड़ा वर्ग, अधिक पिछड़ा वर्ग तथा पिछड़ा वर्ग में वर्गीकृत करने की सिफारिश की थी।

**30. (c)**

**व्याख्या:** आयरिश लेखक पॉल लिंच को उनके उपन्यास 'प्रोफेट सॉन्ग' के लिये 2023 बुकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। **अतः विकल्प (c) सही है।**

- बुकर पुरस्कार अंग्रेज़ी भाषी देशों में प्रमुख साहित्यिक पुरस्कार है।
- यह पुरस्कार अंग्रेज़ी में लिखी गई और यूनाइटेड किंगडम तथा आयरलैंड में प्रकाशित सर्वश्रेष्ठ कथा साहित्य को प्रत्येक वर्ष प्रदान किया जाता है।

**31. (b)**

**व्याख्या:** उत्तर प्रदेश के बरेली के जमात रजा मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान हसन खान (फरमान मियाँ) को भारत सरकार के कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा 'भारत गौरव रत्न 2023' से सम्मानित किया गया है। **अतः विकल्प (b) सही है।**

- फरमान मियाँ ने कैंसर, कूल्हे के ऑपरेशन और बाईपास सर्जरी से पीड़ित दर्जनों मरीजों के निदान में मदद की है।
- इससे पहले स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने उन्हें टीबी मुक्त अभियान में प्रमुख भूमिका निभाने के लिये पुरस्कार प्रदान किया था।

**32. (a)**

**व्याख्या:** गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के वर्ष 2023 तक के आँकड़ों के अनुसार श्री रामचरितमानस पूरे विश्व का सबसे लंबा गीत है। उत्तर प्रदेश के बनारस के डॉ. जगदीश पिल्लई ने 138 घंटे 41 मिनट और 20 सेकंड के श्री रामचरितमानस गीत का गायन किया है। **अतः विकल्प (a) सही है।**

- यह रिकॉर्ड पहले अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम के नाम था।
- डॉ. जगदीश पिल्लई उत्तर प्रदेश से सर्वाधिक यानी पाँचवीं बार गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक हैं।
- श्री रामचरितमानस 16वीं शताब्दी के भारतीय कवि गोस्वामी तुलसीदास द्वारा अवधी भाषा में रचित एक महाकाव्य है।

**33. (a)**

**व्याख्या:** 5 से 6 जनवरी, 2023 को मध्य प्रदेश के भोपाल में 'वाटर विजन@2047' पर पहला अखिल भारतीय वार्षिक राज्य मंत्रियों का सम्मेलन आयोजित किया गया था। **अतः विकल्प (a) सही है।**



दृष्टि The Vision
641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009 | 21, पूसा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली | 13/15, ताशकंद मार्ग, निकट पत्रिका चौराहा, सिविल लाइन्स, प्रयागराज | प्लॉट नंबर-45 व 45-A हर्ष टावर-2, मेन टोंक रोड, वसुंधरा कॉलोनी, जयपुर | 47/CC, बर्लिंगटन आर्केड मॉल, विधानसभा मार्ग, लखनऊ | 6
Phone: 8448485518, 011-47532596, 8750187501 :: www.drishtiIAS.com
Copyright – Drishti The Vision Foundation
WWW.PDFNOTES.CO
Call For Courier BHAVEST STUDY MATERIAL 9877045985

- भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय ने इसका आयोजन किया था। इस सम्मेलन का उद्देश्य आगामी 25 वर्षों यानी वर्ष 2047 तक वाटर विज़न पर विचार-विमर्श करना है।
- इस आयोजन में वाटर विज़न 2047 से संबंधित दो महत्त्वपूर्ण रूपरेखा दस्तावेज़- 'जल शक्ति अभियान की सर्वोत्तम प्रथाएँ' और 'जल इतिहास पोर्टल' जारी किये गए।

**34. (c)**

**व्याख्या:** 25 मई, 2023 को केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने 50,000 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिये उत्तर प्रदेश के लखनऊ में 'समर्थ अभियान' की औपचारिक शुरुआत की। **अतः विकल्प (c) सही है।**

- ग्रामीण विकास मंत्रालय ने आजादी के 'अमृत महोत्सव' पहल के तहत 1 फरवरी, 2023 से 15 अगस्त, 2023 तक 'समर्थ अभियान' जारी रखा।
- इसका उद्देश्य ग्रामीण समुदायों को डिजिटल अर्थव्यवस्था में भागीदारी सक्षम बनाते हुए उनका सशक्तीकरण करना है।

**35. (d)**

**व्याख्या:** केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (CZA) ने सिंगापुर की तर्ज पर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के कुकरैल वन में देश की पहली नाइट सफारी और एक नवीन चिड़ियाघर स्थापित करने के लिये परमिट जारी किया है। **अतः विकल्प (d) सही है।**

- कुकरैल वन 2027.46 हेक्टेयर में फैला हुआ है। यहाँ 350 एकड़ क्षेत्र में नाइट सफारी तथा 150 एकड़ क्षेत्र में प्राणी उद्यान का निर्माण किया जाएगा।
- वन क्षेत्र के मूल स्वरूप को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाए बिना इन निर्माणों के लिये 1000 एकड़ भूमि चिह्नित की गई है।

**36. (b)**

**व्याख्या:** राष्ट्रवादी पंडित मदन मोहन मालवीय ने डॉ. एनी बेसेंट जैसे महान व्यक्तियों की सहायता से वर्ष 1916 में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना की, जो इसे भारत का विश्वविद्यालय मानते थे। **अतः विकल्प (b) सही है।**

**पंडित मदन मोहन मालवीय:**

- उन्हें वर्ष 1909, 1918, 1932 और 1933 में (चार बार) कॉन्ग्रेस कमेटी का अध्यक्ष चुना गया था।
- महात्मा गांधी ने उन्हें 'महामना' और भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. एस. राधाकृष्णन ने उन्हें 'कर्मयोगी' की उपाधि दी थी।

**37. (a)**

**व्याख्या:** हाल ही में केंद्र सरकार के तहत भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री ने उत्तर कन्नड़ (कर्नाटक) के अंकोला तालुक के कारी ईशाद आम को भौगोलिक उपदर्शन प्रमाणन (GI) प्रदान किया है। **अतः विकल्प (a) सही है।**

- यह प्रमाणपत्र माथा टोटागर्स फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड को जारी किया गया था।
- कारी ईशाद आम की बेहतरीन किस्मों में से एक है। इसकी विशिष्ट सुगंध, स्वाद, प्रचुर गूदा और वांछनीय आकार आदि इसकी विशिष्टताएँ हैं।

**38. (c)**

**व्याख्या:** उत्तरी गोलार्द्ध में सबसे लंबा दिन 21 जून को होता है, जिसे तकनीकी रूप से ग्रीष्म अयनांत कहा जाता है। दिल्ली में यह दिन लगभग 14 घंटे लंबी होता है। **अतः विकल्प (c) सही है।**

- यह तब घटित होता है जब सूर्य कर्क रेखा की सीध में अथवा 23.5 डिग्री उत्तरी अक्षांश पर होता है।
- इस समय के दौरान 20, 21 अथवा 22 जून को उत्तरी गोलार्द्ध को सूर्य की अधिकतम रोशनी प्राप्त होती है।
- इसके विपरीत, 21, 22 या 23 दिसंबर को दक्षिणी गोलार्द्ध को सूर्य की अधिकतम रोशनी प्राप्त होती है, जब उत्तरी गोलार्द्ध में रातें सबसे लंबी होती हैं, इसे शीतकालीन अयनांत भी कहा जाता है।

**39. (d)**

**व्याख्या:** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बिहार के शेखपुरा ज़िले के गबई ग्राम स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत सहायक नर्स मिडवाइफ (ANM) गायत्री कुमारी को वर्ष 2023 का 'राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल' पुरस्कार प्रदान किया। **अतः विकल्प (d) सही है।**

- राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार की स्थापना स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा वर्ष 1973 में की गई थी, यह नर्सों तथा नर्सिंग पेशेवरों को समाज के प्रति उनकी सराहनीय सेवाओं के लिये प्रदान किया जाता है।

**40. (c)**

**व्याख्या:** भूटान से निकलने वाली बेकी नदी (जिसे कुरिसु नदी के नाम से भी जाना जाता है), ब्रह्मपुत्र नदी के दाहिने किनारे की सहायक नदियों में से एक है। **अतः विकल्प (c) सही है।**

- यह असम से होकर बहती है और राज्य में कई समुदायों के लिये आजीविका तथा परिवहन के साधन के रूप में कार्य करती है।



641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009 | 21, पूसा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली | 13/15, ताशकंद मार्ग, निकट पत्रिका चौराहा, सिविल लाइन्स, प्रयागराज | प्लॉट नंबर-45 व 45-A हर्ष टावर-2, मेन टोंक रोड, वसुंधरा कॉलोनी, जयपुर | 47/CC, बर्लिंगटन आर्केड मॉल, विधानसभा मार्ग, लखनऊ
Phone: 8448485518, 011-47532596, 8750187501 :: www.drishtiIAS.com
7
Copyright – Drishti The Vision Foundation
WWW.PDFNOTES.CO
Call For Courier BHAVEST STUDY MATERIAL 9877045985

- **ब्रह्मपुत्र नदी:**
  - इसका उद्‌गम स्थल सियांग अथवा दिहांग मानसरोवर झील के निकट कैलाश शृंखला का चेमायुंगडुंग हिमनद है।
  - यह अरुणाचल प्रदेश के सदिया शहर के पश्चिम से होकर भारत में प्रवेश करती है।
  - दिबांग, लोहित, सियांग, बूढ़ी दिहिंग, तिस्ता व धनसारी इसकी सहायक नदियाँ हैं।

**41. (b)**

**व्याख्या:** जून 2023 में अरब सागर में बिपरजॉय नामक एक चक्रवाती तूफान आया था।

- बांग्लादेश ने इसे 'बिपरजॉय' (जिसका अर्थ है विपत्ति अथवा आपदा) नाम दिया था। **अतः विकल्प (b) सही है।**
- अरब सागर के पृष्ठीय तापमान में वृद्धि के परिणामस्वरूप असामान्य तरीके से चक्रवात "बिपोरजॉय" का निर्माण हुआ।
- 30-32 डिग्री सेल्सियस तक के उच्च पृष्ठीय तापमान चक्रवातों की तीव्रता में योगदान देते हैं।

**42. (b)**

**व्याख्या: कलसा-बंडूरी परियोजना:**

- यह कर्नाटक सरकार की परियोजना है, जिसका उद्देश्य तीन ज़िलों बेलगावी, धारवाड़ तथा गडग में पेयजल आपूर्ति में सुधार करना है। **अतः कथन (1) सही है।**
- इसके अंतर्गत महादयी नदी की दो सहायक नदियों, कलसा और बंडूरी नदियों पर बैराज का निर्माण कार्य शामिल है, ताकि इसके प्रयोग से जल प्रवाह की दिशा को मालाप्रभा नदी (कृष्णा नदी की एक सहायक नदी) की ओर किया जा सके। **अतः कथन (2) सही है।**
- मालाप्रभा नदी धारवाड़, बेलगाम और गडग ज़िलों में पेयजल की आपूर्ति करती है।
- इस परियोजना की परिकल्पना वर्ष 1989 में की गई थी जिस पर गोवा ने आपत्ति व्यक्त की थी।

**अतः विकल्प (b) सही है।**

**43. (a)**

**व्याख्या:** 20 से अधिक देशों के सैन्य दलों और पर्यवेक्षकों की भागीदारी वाली बहुराष्ट्रीय शांति स्थापना संयुक्त अभ्यास "एक्स खान क्वेस्ट 2023" का मंगोलिया में आयोजन किया गया। **अतः विकल्प (a) सही है।**

- 14-दिवसीय अभ्यास का उद्देश्य, भाग लेने वाले देशों की अंतर-क्षमता को बढ़ाना, अनुभव साझा करना और संयुक्त राष्ट्र शांति अभियान (UNPKO) के लिये वर्दीधारी कर्मियों को प्रशिक्षित करना है।
- यह अभ्यास मंगोलियाई सशस्त्र बलों (MAF) और यूनाइटेड स्टेट्स आर्मी पैसिफिक कमांड (USAPC) द्वारा सह-प्रायोजित है।
- इसमें भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व गढ़वाल राइफल्स की एक टुकड़ी ने किया।

**44. (a)**

**व्याख्या:** स्पेन का कैनरी द्वीप अटलांटिक महासागर में द्वीपसमूह से मिलकर बना है। **अतः विकल्प (a) सही है।**

- हाल ही में स्पेन के कैनरी द्वीप की ओर जा रही एक छोटी नाव के डूबने से 30 से अधिक प्रवासियों की मौत हो गई।
- लाखों वर्ष पूर्व ज्वालामुखी विस्फोट से कैनरी द्वीप समूह का निर्माण हुआ था।
- इन द्वीपों में लास पाल्मास और सान्ता क्रूस दे तेनरीफ के स्पेनिश प्रांत शामिल हैं।

**45. (b)**

**व्याख्या:** 'उत्तर प्रदेश मातृभूमि योजना' के तहत विदेशों में बसे उत्तर प्रदेश के निवासी अब अपने पैतृक गाँवों में अपने रिश्तेदारों व पूर्वजों की स्मृति में सामुदायिक केंद्र, बारात घर और ऐसे अन्य निर्माण कार्यों में वित्तीय योगदान डे सकते हैं। **अतः कथन (1) सही है।**

- इस योजना के तहत यदि कोई व्यक्ति, निजी संस्था किसी ग्राम पंचायत में विकास कार्य कराना चाहती है और कार्य की लागत का न्यूनतम 60 प्रतिशत दान के रूप में वहन करती है, तो शेष 40% लागत का वहन राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा। **अतः कथन (2) सही है।**

**अतः विकल्प (b) सही है।**

**46. (c)**

**व्याख्या: मिशन नंद बाबा:**

- इस मिशन के तहत उत्तर प्रदेश में दुग्ध उत्पादक किसानों की आय में वृद्धि करने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिये राज्य सरकार नंद बाबा दुग्ध योजना पर आगामी पाँच वर्षों में 1000 करोड़ रुपए खर्च करेगी। **अतः विकल्प (c) सही है।**
- इस मिशन के तहत दुग्ध उत्पादक डेयरी सहकारी समितियों के माध्यम से अपने गाँव में दुग्ध उत्पाद उपलब्ध कराएंगे।



641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009 | 21, पूसा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली | 13/15, ताशकंद मार्ग, निकट पत्रिका चौराहा, सिविल लाइन्स, प्रयागराज | प्लॉट नंबर-45 व 45-A हर्ष टॉवर-2, मेन टोंक रोड, वसुंधरा कॉलोनी, जयपुर | 47/CC, बर्लिंगटन आर्केड मॉल, विधानसभा मार्ग, लखनऊ
8
Phone: 8448485518, 011-47532596, 8750187501 :: www.drishtiIAS.com
Copyright – Drishti The Vision Foundation
WWW.PDFNOTES.CO
Call For Courier BHAVEST STUDY MATERIAL 9877045985

❍ दूध का व्यापार ग्रामीण क्षेत्रों में आय का एक अतिरिक्त स्रोत है। इस मिशन के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रायोगिक परियोजना के तौर पर पाँच ज़िलों में पाँच डेयरी किसान उत्पादक संगठन स्थापित करने की योजना है, जिसमें महिलाओं को अहम भूमिका प्रदान की जाएगी।

❍ इस मिशन के तहत किसानों को उन्नत नस्ल की देशी गायों की खरीद पर सरकार की ओर से सब्सिडी के तौर पर प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। गायों के लिये चारा तथा आहार का निर्माण करने वालों को भी अनुदान दिया जाएगा।

**47. (d)**

**व्याख्या:** महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराध को कम करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश में जून 2023 में 'शक्ति दीदी' अभियान शुरू किया गया है। **अत: विकल्प (d) सही है।**

❍ 'शक्ति दीदी' अभियान की शुरुआत मिशन शक्ति के तहत की गई है, जिसमें शहर, गाँव तथा समाज के सभी वर्ग की महिलाओं को जोड़ा जाएगा।

❍ शक्ति दीदी का अन्य नाम फीमेल बीट ऑफिसर है।

❍ मिशन शक्ति का पहला चरण अक्तूबर 2020 में शुरू किया गया था। उत्तर प्रदेश सरकार ने अक्तूबर 2023 में मिशन शक्ति 4.0 शुरू किया।

**48. (a)**

**व्याख्या:** जुलाई 2023 में आगरा में उत्तर प्रदेश का पहला रेल हेरिटेज पार्क और रेल कोच रेस्तरां खोला गया। **अत: विकल्प (a) सही है।**

❍ प्रदेश के आगरा कैंट स्टेशन रोड पर स्थित यह पार्क और रेस्टोरेंट आगरा के लोगों को स्वादिष्ट भोजन के साथ-साथ रेलवे की विरासत की जानकारी भी प्रदान करेगी।

❍ यह उत्तर मध्य रेलवे की एक पहल है।

**49. (c)**

**व्याख्या:** उत्तर प्रदेश के IIT कानपुर की हाई-टेक साइबर सिक्योरिटी लैब C3i हब (साइबर सिक्योरिटी एंड साइबर सिक्योरिटी ऑफ साइबर फिजिकल सिस्टम इनोवेशन हब) ने तेलंगाना पुलिस के साथ एक संधि की है। **अत: विकल्प (c) सही है।**

❍ इसके तहत C3i हब साइबर अपराध करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी से लेकर दोषसिद्धि तक में पुलिस की मदद करेगा।

❍ यह प्रणाली साइबर अपराधों के सभी पैटर्न वाले डेटाबेस का प्रयोग करके साइबर अपराधों को स्वचालित रूप से विभिन्न समूहों में वर्गीकृत करने में मदद करेगी।

**50. (d)**

**व्याख्या:** उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान ने प्रदेश के पाँच युवा कवियों को गोपाल दास नीरज स्मृति सम्मान 2023 देने की घोषणा की है।

❍ पुरस्कार विजेता कवियों में राजधानी लखनऊ से व्यंग्यकार-कवि पंकज प्रसून और युवा कवयित्री निशा सिंह, प्रयागराज से डॉ. प्रभांशु कुमार, फिरोजाबाद से कृष्ण कुमार 'कनक' और बहराइच से वेद मित्र शुक्ल शामिल हैं।

❍ गोपाल दास नीरज स्मृति सम्मान के लिये चयनित कवि और उनकी कृतियाँ–

- पंकज प्रसून- तब गीतों ने साथ निभाया।
- निशा सिंह नवल- मैं निशा हूँ।
- डॉ. प्रभांशु कुमार- डॉ. प्रभांशु की कलम से काव्य संग्रह।
- कृष्ण कुमार कनक- उलझता छविजल तुम्हारा।
- वेद मित्र शुक्ल- एक समंदर गहरा भीतर।

**अत: विकल्प (d) सही है।**

**51. (b)**

**व्याख्या:** भारतीय मूल के सिंगापुर में जन्मे अर्थशास्त्री थर्मन शनमुगरत्नम सितंबर 2023 में सिंगापुर के नौवें राष्ट्रपति बने। **अत: विकल्प (b) सही है।**

❍ वह वर्ष 2011 और वर्ष 2023 के बीच सिंगापुर के मौद्रिक प्राधिकरण के अध्यक्ष भी थे। मई 2011 और मई 2019 के बीच, उन्होंने सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया।

**52. (c)**

**व्याख्या: प्रधानमंत्री दक्षता और कुशलता सम्पन्न हितग्राही (पीएम-दक्ष) योजना:**

❍ यह एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जिसे 2020-21 के दौरान आरंभ किया गया था। **अत: कथन (1) सही है।**

❍ इस योजना के तहत लक्षित समूह अनुसूचित जाति (SC), अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC), आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग (EBC), संसूचित जनजाति (DNT) और कचरा बीनने वालों सहित सफाई कर्मचारी आदि हैं। **अत: कथन (2) सही नहीं है।**

❍ इसका मुख्य उद्देश्य लक्षित समूहों की योग्यता के स्तर को बढ़ाना है ताकि उन्हें उनके सामाजिक-आर्थिक विकास के लिये स्व-रोज़गार और मज़दूरी-रोज़गार दोनों में रोज़गार योग्य बनाया जा सके।

**अत: विकल्प (c) सही है।**



641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009 | 21, पूसा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली | 13/15, ताशकंद मार्ग, निकट पत्रिका चौराहा, सिविल लाइन्स, प्रयागराज | प्लॉट नंबर-45 व 45-A हर्ष टावर-2, मेन टोंक रोड, वसुंधरा कॉलोनी, जयपुर | 47/CC, बर्लिंगटन आर्केड मॉल, विधानसभा मार्ग, लखनऊ
Phone: 8448485518, 011-47532596, 8750187501 :: www.drishtiIAS.com
Copyright – Drishti The Vision Foundation
WWW.PDFNOTES.CO
Call For Courier BHAVEST STUDY MATERIAL 9877045985

## 53. (c)

**व्याख्या:** भारत सरकार के न्याय विभाग ने न्यायपालिका के लिये बुनियादी सुविधाओं के विकास हेतु केंद्र प्रायोजित योजना के तहत भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के सहयोग से एक वेब पोर्टल और मोबाइल ऐप "न्याय विकास पोर्टल" का विमोचन किया है। **अतः विकल्प (c) सही है।**

- यह योजना के तहत नव निर्मित बुनियादी ढाँचे और इसके प्रभावी कार्यान्वयन की निगरानी करेगा।

## 54. (b)

**व्याख्या:** सितंबर 2023 में, 20वाँ दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (ASEAN) - भारत शिखर सम्मेलन और 18वां पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (EAS) जकार्ता, इंडोनेशिया में आयोजित किया गया था। **अतः विकल्प (b) सही है।**

- 20वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में, भारत के प्रधानमंत्री ने भारत-आसियान सहयोग को सुदृढ़ करने के लिये 12-सूत्रीय प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसमें संयोजकता, डिजिटल परिवर्तन, व्यापार और आर्थिक संबद्धता, समकालीन चुनौतियों का समाधान, लोगों के बीच संपर्क और रणनीतिक संबद्धता को गहरा करना शामिल है।
- आसियान की स्थापना 8 अगस्त, 1967 को बैंकॉक, थाईलैंड में आसियान के संस्थापक देशों: इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड द्वारा आसियान घोषणा (बैंकॉक घोषणा) पर हस्ताक्षर के साथ की गई थी।

## 55. (d)

**व्याख्या:** भारतीय रेलवे का गति शक्ति विश्वविद्यालय (GSV) वड़ोदरा में स्थित है। इसकी स्थापना वर्ष 2022 में संसद के एक अधिनियम के माध्यम से संपूर्ण परिवहन और रसद क्षेत्रों हेतु सर्वश्रेष्ठ जनशक्ति और प्रतिभा तैयार करने के लिये की गई थी। **अतः विकल्प (d) सही है।**

- यह केंद्रीय विश्वविद्यालय भारत सरकार के रेल मंत्रालय द्वारा प्रायोजित है और इसके पहले कुलाधिपति श्री अश्विनी वैष्णव, रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री हैं।
- सितंबर 2023 में, भारतीय विमानन क्षेत्र को महत्त्वपूर्ण रूप से सुदृढ़ करने के लिये भारतीय रेलवे के गति शक्ति विश्वविद्यालय और एयरबस (यूरोप में एक वैमानिकी और अंतरिक्ष कंपनी) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किये गए थे।

## 56. (b)

**व्याख्या: मोरक्को:**

- मोरक्को पश्चिमी उत्तरी अफ्रीका में, स्पेन से जिब्राल्टर जलडमरूमध्य के पार स्थित है।
- इसकी सीमा पूर्व और दक्षिण-पूर्व में अल्जीरिया, दक्षिण में पश्चिमी सहारा से लगती है तथा यह पश्चिम में अटलांटिक महासागर और उत्तर में भूमध्य सागर से घिरा हुआ है। **अतः विकल्प (b) सही है।**

**राजधानी शहर: रबात**

- **प्रमुख पर्वत श्रेणियाँ:** एटलस और रिफ पर्वत।
- मोरक्को के इतिहास में सबसे शक्तिशाली भूकंप 8 सितंबर 2023 को आया था। भूकंप की तीव्रता 6.8 थी और इसका अधिकेंद्र ऐतिहासिक शहर माराकेच के पास एटलस पर्वत के भीतर अल-हौज प्रांत में स्थित था।

## 57. (a)

**व्याख्या: बांध सुरक्षा पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (ICDS) 2023:**

- इसका आयोजन **जयपुर** में राजस्थान अंतर्राष्ट्रीय केंद्र (RIC) में जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग द्वारा किया गया था। **अतः विकल्प (a) सही है।**
- सम्मेलन का विषय "सेफ एंड सिक्योर डैम्स एन्स्युर नेशनस प्रोस्पेरिटी" था। इसका उद्देश्य विशेषज्ञों को एक साथ आने तथा बांध सुरक्षा और प्रबंधन में अत्याधुनिक विषयों पर बहस करने के लिये एक प्रमुख मंच प्रदान करना है।
- जल शक्ति मंत्रालय के अनुसार, भारत में छह हजार से अधिक बांध हैं और बड़े बांधों के मामले में यह विश्व स्तर पर तीसरे स्थान पर है।

## 58. (a)

**व्याख्या: प्रधानमंत्री (पीएम) विश्वकर्मा योजना:**

- इसे सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और उन्हें औपचारिक अर्थव्यवस्था और वैश्विक मूल्य श्रृंखला में एकीकृत करने पर ध्यान देने के साथ लोहार, सुनार, भांडकर्मी, बढ़ईगीरी और मूर्तिकला जैसे विभिन्न व्यवसायों में लगे पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के कल्याण के लिये अभिकल्पित किया गया है। **अतः कथन (2) सही है।**
- इसे एक केंद्रीय क्षेत्र योजना के रूप में कार्यान्वित किया जाएगा, जो पूरी तरह से भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित होगी। **अतः कथन (1) सही नहीं है।**


641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009 | 21, पूसा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली | 13/15, ताशकंद मार्ग, निकट पत्रिका चौराहा, सिविल लाइन्स, प्रयागराज | प्लॉट नंबर-45 व 45-A हर्ष टावर-2, मेन टोंक रोड, वसुंधरा कॉलोनी, जयपुर | 47/CC, बर्लिंगटन आर्केड मॉल, विधानसभा मार्ग, लखनऊ
10
Phone: 8448485518, 011-47532596, 8750187501 :: www.drishtiIAS.com
Copyright – Drishti The Vision Foundation
WWW.PDFNOTES.CO
Call For Courier BHAVEST STUDY MATERIAL 9877045985

❍ सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (MoMSME) इस योजना के लिये नोडल मंत्रालय है।

**अतः विकल्प (a) सही है।**

**59. (a)**

**व्याख्या:** सितंबर 2023 में, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने 'B-PACS (सहकारी समितियाँ) सदस्यता महाअभियान-2023' शुरू किया। इसका आयोजन 1 से 30 सितंबर तक पूरे प्रदेश में किया गया। **अतः विकल्प (a) सही है।**

❍ राज्य के सहकारिता विभाग को राज्य भर में सहकारी बैंकों की नई शाखाएँ खोलने के लिये मानचित्रण करने का निर्देश दिया गया है।

❍ PACS के माध्यम से 300 से अधिक ई-सुविधाएँ उपलब्ध करायी जाएँगी। इसके माध्यम से कृषि एवं कृषि व्यवसाय में अल्पावधि ऋण दिये जाएँगे।

**60. (b)**

**व्याख्या:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश भर से कुल 75 चयनित शिक्षकों को वर्ष 2023 के लिये राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया।

❍ इस वर्ष उत्तर प्रदेश के तीन शिक्षकों को इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिनमें के.एन.इंटरनेशनल स्कूल, मेरठ के प्राचार्य **सुधांशु शेखर पांडा,** बुलंदशहर के चंद्रप्रकाश अग्रवाल और फतेहपुर की आशिया फारूकी शामिल हैं। **अतः विकल्प (b) सही है।**

❍ इस पुरस्कार में सभी विजेता शिक्षकों को 50,000 रुपए नकद, प्रशस्ति पत्र, शॉल, श्रीफल प्रदान किया गया।

**61. (d)**

**व्याख्या:** उत्तर प्रदेश में लखनऊ, आगरा और वाराणसी में यूनिटी मॉल बनाया जाएगा। केंद्रीय बजट 2023-24 में देश के सभी राज्यों में यूनिटी मॉल स्थापित करने का प्रावधान किया गया है। **अतः विकल्प (d) सही है।**

❍ यूनिटी मॉल का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, मेक इन इंडिया, एक ज़िला एक उत्पाद (ODOP) प्रयासों को बढ़ावा देना एवं स्थानीय हस्तशिल्प उत्पादों और स्थानीय रोज़गार सृजन को बढ़ावा देना है।

**62. (a)**

**व्याख्या:** सितंबर 2023 में, उत्तर प्रदेश ने भुवनेश्वर, ओडिशा में आयोजित डॉ. बीसी रॉय ट्रॉफी जूनियर नेशनल फुटबॉल चौम्पियनशिप का खिताब जीता। फाइनल में उत्तर प्रदेश ने पश्चिम बंगाल को 2-1 गोल से हराया। **अतः विकल्प (a) सही है।**

❍ इस टूर्नामेंट में लखनऊ मंडल के लिये निरंजन जंगशाही ने सर्वाधिक आठ गोल किये।

**63. (c)**

**व्याख्या:** 20वाँ राष्ट्रीय पुस्तक मेला 22 सितंबर से 2 अक्तूबर, 2023 तक लखनऊ के बलरामपुर गार्डन में आयोजित किया गया था। **अतः विकल्प (c) सही है।**

❍ यह 'ज्ञान कुंभ' के विषय पर आयोजित किया गया था, जिसमें प्रवेश निःशुल्क था और पुस्तकों पर न्यूनतम 10 प्रतिशत की छूट दी गई थी।

**64. (d)**

**व्याख्या:** सितंबर 2023 में, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गौतम बुद्ध नगर ज़िले के ग्रेटर नोएडा में 'उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो' के पहले संस्करण का उद्घाटन किया। **अतः विकल्प (d) सही है।**

❍ इसका आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार और इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। यह एक जिला एक उत्पाद (ODOP), भौगोलिक उपदर्शन प्रमाणन उत्पाद और उत्तर प्रदेश के अन्य उत्पादों को एक साथ प्रदर्शित करेगा।

**65. (a)**

**व्याख्या:** सितंबर 2023 में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी ज़िले के गंजारी में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखी। **अतः विकल्प (a) सही है।**

❍ भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा उत्तर प्रदेश में बनाया जा रहा यह पहला स्टेडियम है।

❍ इस स्टेडियम का स्थापत्य भगवान शिव से प्रेरित है, जिसमें अर्द्धचंद्राकार छत का आवरण, त्रिशूल के आकार की दीपक, घाट की सीढ़ियों पर बैठने की व्यवस्था और अग्रभाग पर बेलपत्र के आकार की धातु की आवरणों की अभिकल्पना विकसित की गई हैं। इस स्टेडियम की क्षमता 30,000 दर्शकों की होगी।

**66. (a)**

**व्याख्या:** प्रतिवर्ष 11 अक्तूबर को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस लड़कियों के अधिकारों के पूर्ण विस्तार की वकालत करने के लिये एक वैश्विक मंच है। वर्ष 2023 का विषय "इन्वेस्ट इन गर्ल्स: ऑवर लीडरशिप, ऑवर वेल बिंग" था। **अतः विकल्प (a) सही है।**

❍ भारतीय समाज में लड़कियों के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डालने के लिये हर वर्ष 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस (NGCD) मनाया जाता है।



641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009 | 21, पूसा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली | 13/15, ताशकंद मार्ग, निकट पत्रिका चौराहा, सिविल लाइन्स, प्रयागराज | प्लॉट नंबर-45 व 45-A हर्ष टॉवर-2, मेन टोंक रोड, वसुंधरा कॉलोनी, जयपुर | 47/CC, बर्लिंगटन आर्केड मॉल, विधानसभा मार्ग, लखनऊ
11
Phone: 8448485518, 011-47532596, 8750187501 :: www.drishtiIAS.com
Copyright – Drishti The Vision Foundation
WWW.PDFNOTES.CO
Call For Courier BHAVEST STUDY MATERIAL 9877045985

❍ यह दिन लड़कियों के सामने आने वाली असमानताओं के बारे में जागरूकता पैदा करने और शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और पोषण में समान अवसरों की वकालत करने पर केंद्रित है।

❍ NGCD की स्थापना वर्ष 2008 में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा की गई थी।

**67. (a)**

**व्याख्याः** भारतीय और मलेशियाई सेना ने 23 अक्तूबर को भारत के उमरोई छावनी में एक संयुक्त द्विपक्षीय प्रशिक्षण अभ्यास "एक्सरसाइज हरिमाउ शक्ति 2023" शुरू किया। **अतः विकल्प (a) सही है।**

❍ प्रशिक्षण मुख्य रूप से उच्च स्तर की शारीरिक उपयुक्तता, सामरिक स्तर पर अभ्यास का संचालन और एक दूसरे के साथ सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने पर केंद्रित था। इस अभ्यास का उद्देश्य भारतीय सेना और मलेशियाई सेना के बीच रक्षा सहयोग के स्तर को बढ़ाना है।

❍ अभ्यास का अंतिम संस्करण नवंबर 2022 में पुलाई, क्लुआंग, मलेशिया में आयोजित किया गया था।

**68. (c)**

**व्याख्याः** 'आठवाँ ब्रिक्स अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्द्धा सम्मेलन' नई दिल्ली में आयोजित किया गया। भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (CCI) द्वारा आयोजित सम्मेलन 'प्रतिस्पर्द्धा विधि और नीति आयाम, परिप्रेक्ष्य और चुनौतियों में नए मुद्दे' विषय पर आधारित था। सम्मेलन में विश्वभर से 600 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। **अतः विकल्प (c) सही है।**

❍ 9वाँ ब्रिक्स अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्द्धा सम्मेलन वर्ष 2025 में दक्षिण अफ्रीका में आयोजित किया जाएगा।

❍ ब्रिक्स देशों के प्रतिस्पर्द्धा अधिकारियों के बीच सहयोग, अनुभव साझा करने और आपसी अधिगम को बढ़ावा देने के लिये एक मंच प्रदान करने हेतु ब्रिक्स प्रतिस्पर्द्धा अधिकारियों द्वारा द्विवार्षिक सम्मेलन की मेजबानी की जाती है।

**69. (b)**

**व्याख्याः** 2023 में, एयर न्यूज़ीलैंड के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टोफर लक्सन न्यूज़ीलैंड के प्रधानमंत्री बने। **अतः विकल्प (b) सही है।**

❍ उन्होंने सार्वजनिक सेवा में 6.5% कटौती सहित कर कटौती और कम सरकारी नौकरशाही देने का वादा किया।

**70. (a)**

| रिपोर्ट/सूचकांक | द्वारा प्रकाशित |
|---|---|
| विश्व आर्थिक आउटलुक | अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष |
| वैश्विक सूचना प्रौद्योगिकी रिपोर्ट | विश्व आर्थिक मंच |
| ग्लोबल मनी लॉन्ड्रिंग रिपोर्ट | वित्तीय कार्रवाई कार्य बल |
| वैश्विक आतंकवाद सूचकांक | इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पीस |
| वैश्विक भ्रष्टाचार रिपोर्ट | ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल |
| विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक | रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स |
| जलवायु परिवर्तन निष्पादन सूचकांक | जर्मन वॉच |

**अतः विकल्प (a) सही है।**

**71. (d)**

**व्याख्याः** 16 अक्तूबर, 1945 को संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन (FAO) की स्थापना के उपलक्ष्य में हर वर्ष 16 अक्तूबर को विश्व खाद्य दिवस मनाया जाता है। **अतः विकल्प (d) सही है।**

❍ FAO संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है जो भूखमरी को समाप्त करने के लिये अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों का नेतृत्व करती है।

❍ 2023 का विषय "वाटर इज लाइफ, वाटर इज फूड लीव नो वन बिहाइंड" है।

**72. (a)**

**व्याख्याः** अक्तूबर 2023 में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तेलंगाना के लिये एक जनजातीय विश्वविद्यालय-सारक्का केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय को मंज़ूरी दी, जो 889 करोड़ रुपए की लागत से मुलुगु ज़िले में बनेगा। **अतः विकल्प (a) सही है।**

❍ विश्वविद्यालय आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के एक भाग के रूप में केंद्र सरकार द्वारा की गई एक प्रतिबद्धता थी।

❍ सम्मक्का सरक्का जथारा विश्व के सबसे प्रसिद्ध जनजाति उत्सवों में से एक है। इसे अक्सर जनजातियों का कुंभ मेला कहा जाता है। तेलंगाना इस उत्सव की द्विवार्षिक मेजबानी करता है।

**73. (d)**

**व्याख्याः** संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन (UNCTAD) प्रतिवर्ष 'व्यापार और विकास रिपोर्ट' प्रकाशित करता है। **अतः विकल्प (d) सही है।**



दृष्टि The Vision
641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009 | 21, पूसा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली | 13/15, ताशकंद मार्ग, निकट पत्रिका चौराहा, सिविल लाइन्स, प्रयागराज | प्लॉट नंबर-45 व 45-A हर्ष टावर-2, मेन टोंक रोड, वसुंधरा कॉलोनी, जयपुर | 47/CC, बर्लिंगटन आर्केड मॉल, विधानसभा मार्ग, लखनऊ
12
Phone: 8448485518, 011-47532596, 8750187501 :: www.drishtiIAS.com
Copyright – Drishti The Vision Foundation
WWW.PDFNOTES.CO
Call For Courier BHAVEST STUDY MATERIAL 9877045985

- वर्ष 2023 की रिपोर्ट में विश्व आर्थिक विकास दर वर्ष 2022 में 3% से घटकर वर्ष 2023 में 2.4% होने का अनुमान लगाया गया है।
- पूर्वी और मध्य एशिया को छोड़कर सभी क्षेत्रों में वर्ष 2022 की तुलना में इस वर्ष धीमी वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद है।
- वैश्विक मंदी को तब परिभाषित किया जाता है जब विकास दर 2.5 प्रतिशत और उससे नीचे पहुँच जाती है।

**74. (b)**

**व्याख्या:** 'आनंद सागर स्मृति कथाक्रम पुरस्कार 2023' कहानीकार योगेन्द्र आहूजा को दिया गया। उन्होंने मर्सिया, रॉन्ग, एन ओल्ड स्टोरी, फूड, लफाज, रेसलिंग, एक्यूरेट, पैथोलॉजी जैसी लोकप्रिय कहानियाँ लिखीं। **अतः विकल्प (b) सही है।**

- उनका पहला कहानी संग्रह 'लाफ्टर इन द डार्क' वर्ष 2004 में प्रकाशित हुआ था।
- 'सोहनलाल द्विवेदी बाल कविता सम्मान 2023' बिजनौर के डॉ. अजय जन्मेजय को एवं 'अमृत लाल नागर बाल कथा सम्मान 2023' वाराणसी के पवन शर्मा को दिया गया।

**75. (c)**

**व्याख्या:** अक्तूबर 2023 में, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) कानपुर के स्टार्ट-अप इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर (SIIC) के बीच एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किये गए। **अतः विकल्प (c) सही है।**

- ये संयुक्त प्रयास स्टार्ट-अप के विकास और कृषि क्षेत्र में सार्थक योगदान के लिये अनुकूल वातावरण प्रदान करेंगे।

**76. (c)**

**व्याख्या:** उत्तर प्रदेश के संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार 2023 के लिये तीन बुनकरों का चयन:

- इसके पहले पुरस्कार के लिये वाराणसी की लक्ष्मी को कलर कार्ट डिज़ाइन के लिये चुना गया था।
- इसके दूसरे पुरस्कार हेतु कालीन के लिये मिर्जापुर की रुखसार बेगम को चुना गया।
- इसके तीसरे पुरस्कार के लिये वाराणसी के मंगला प्रसाद मौर्य को दुपट्टे के लिये चुना गया।
- 'लल्ली प्रसाद पांडे बाल साहित्य पत्रकारिता पुरस्कार 2023' बस्ती के लाल देवेंद्र श्रीवास्तव को दिया गया। **अतः विकल्प (c) सही है।**

**77. (c)**

**व्याख्या:** उत्तर प्रदेश में लखनऊ के इकाना स्टेडियम के पास नौसेना शौर्य संग्रहालय बनाया जाएगा। **अतः विकल्प (c) सही है।**

- आई.एन.एस. गोमती की विरासत को इस खुले संग्रहालय में रखा जाएगा, जहाँ इसकी कई युद्ध प्रणालियों को सैन्य और युद्ध अवशेषों के रूप में प्रदर्शित किया जाएगा।
- आई.एन.एस. गोमती ने 34 वर्षों तक अपनी क्षमताओं को बढ़ाकर भारतीय नौसेना की सामरिक स्थिति को सुदृढ़ किया, वहीं ऑपरेशन कैक्टस, पराक्रम और रेनबो में शामिल इस पोत को मई 2022 में सेवामुक्त कर दिया गया था।

**78. (a)**

**व्याख्या:** उत्तर प्रदेश के बागपत ज़िले के अंकुर धामा ने एशियाई पैरा गेम्स 2023 में 5000 मीटर (लगभग 3.11 मिनट) दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। **अतः विकल्प (a) सही है।**

- एशियाई पैरा खेल 22 से 28 अक्तूबर, 2023 तक हांगझू, चीन में आयोजित किये गए थे।
- उन्होंने वर्ष 2009 विश्व युवा और छात्र चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक और वर्ष 2014 में एशियाई पैरा खेलों में एक रजत और दो कांस्य पदक जीते थे।
- एशियाई पैरा खेल, जिसे पैरा एशिया के नाम से भी जाना जाता है, एशियाई पैरालंपिक समिति द्वारा विनियमित एक बहु-प्रतिस्पर्द्धा आयोजन है, जो शारीरिक रूप से दिव्यांग एथलीटों के लिये प्रत्येक एशियाई खेलों के बाद हर चार वर्ष में आयोजित किया जाता है।

**79. (b)**

**व्याख्या:** उत्तर प्रदेश में चार नए सामान/उत्पादों के शामिल होने से भौगोलिक उपदर्शन प्रमाणन (GI) प्रमाणित उत्पाद 52 हो गए हैं।

- बागपत गृह सज्जा
- अमरोहा ढोलक
- कालपी हस्तनिर्मित कागज
- बाराबंकी हथकरघा

- 'एक ज़िला एक उत्पाद' (ODOP) के अंतर्गत आने वाले इन सामानों को भौगोलिक उपदर्शन प्रमाणन प्रदान किया गया था।
- भौगोलिक उपदर्शन प्रमाणन हस्तशिल्प के मामले में उत्तर प्रदेश के 52 उत्पादों के 40 शिल्प के साथ पहले स्थान पर है। केवल वाराणसी क्षेत्र में, 23 में से 18 भौगोलिक उपदर्शन प्रमाणन उत्पाद हस्तशिल्प श्रेणी के हैं।



दृष्टि The Vision | 641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009 | 21, पूसा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली | 13/15, ताशकंद मार्ग, निकट पत्रिका चौराहा, सिविल लाइन्स, प्रयागराज | प्लॉट नंबर-45 व 45-A हर्ष टावर-2, मेन टोंक रोड, वसुंधरा कॉलोनी, जयपुर | 47/CC, बर्लिंगटन आर्केड मॉल, विधानसभा मार्ग, लखनऊ
Phone: 8448485518, 011-47532596, 8750187501 :: www.drishtiIAS.com



Copyright – Drishti The Vision Foundation
WWW.PDFNOTES.CO
Call For Courier BHAVEST STUDY MATERIAL 9877045985

- उत्तर प्रदेश में इस क्षेत्र में सबसे बड़ी संख्या में जनशक्ति भी शामिल है, जिससे देश में सबसे अधिक वार्षिक कारोबार होता है।

**अतः विकल्प (b) सही है।**

**80. (b)**

**व्याख्या:** इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर मैनेजमेंट डेवलपमेंट (IMD) द्वारा जारी विश्व प्रतिस्पर्द्धात्मकता अनुक्रम 2023 में भारत को 57 देशों में से 40वाँ स्थान दिया गया है। भारत विगत् वर्ष के 37वें स्थान से तीन स्थान नीचे खिसक गया है। **अतः विकल्प (b) सही है।**

- इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर मैनेजमेंट डेवलपमेंट (IMD) की स्थापना वर्ष 1990 में हुई थी। इसकी विश्व प्रतिस्पर्द्धात्मकता वार्षिकी (WCY), पहली बार वर्ष 1989 में प्रकाशित हुई, जो एक व्यापक वार्षिक रिपोर्ट और देशों की प्रतिस्पर्द्धात्मकता पर विश्वव्यापी संदर्भ बिंदु है। यह देशों का विश्लेषण और रैंकिंग इस आधार पर करता है कि वे दीर्घकालिक मूल्य निर्माण प्राप्त करने के लिये अपनी दक्षताओं का प्रबंधन कैसे करते हैं।

**81. (a)**

**व्याख्या: फ्रेंच ओपन टेनिस 2023 के परिणाम इस प्रकार हैं:**

| प्रतियोगिता | विजेता | उपविजेता |
|---|---|---|
| पुरुष एकल | नोवाक जोकोविच | कैस्पर रूड |
| महिला एकल | इगा स्विटेक | कैरोलिना मकोवा |
| पुरुष युगल | इवान डोडिग और ऑस्टिन क्राजिसेक | सैंडर गिले एवं जोरन वेलिगेन |
| महिला युगल | वांग जिन्यू और हसिह सु-वेई | टेलर टाउनसेंड और लेयला फर्नांडीज |
| मिश्रित युगल | मियू केटो और टिम पुत्ज | बियांका एंड्रीस्कू और माइकल वीनस |

**अतः विकल्प (a) सही है।**

**82. (b)**

**व्याख्या:** जून 2023 में फिलीपींस के सबसे सक्रिय ज्वालामुखी माउंट मेयोन में हुए विस्फोट से लावा और सल्फ्यूरिक गैस के निष्कर्षण के कारण देश के मुख्य द्वीपों के दक्षिण-पूर्व में लगभग 13,000 निवासियों को निकाला गया है। **अतः विकल्प (b) सही है।**

- फिलीपींस में विस्फोट यूरेशियन प्लेट, फिलीपीन सागरीय प्लेट और इंडो-ऑस्ट्रेलियाई प्लेट के अभिसरण क्षेत्र में स्थित होने के कारण होता है।
- पिनातुबो, रंगांग, सैन पाब्लो, ताल फिलीपींस के अन्य महत्त्वपूर्ण सक्रिय ज्वालामुखी हैं।

**83. (d)**

**व्याख्या:** भारत ने **वियतनाम** को उस देश की नौसैनिक क्षमताओं को बढ़ाने के लिये स्वदेश निर्मित इन-सर्विस मिसाइल कार्वेट आईएनएस कृपाण उपहार में दिया। **अतः विकल्प (d) सही है।**

- आईएनएस कृपाण 1,350 टन क्षमता वाली खुकरी श्रेणी की मिसाइल कार्वेट है और इसे 12 जनवरी 1991 को नौसेना में शामिल किया गया था।
- इसका आयाम करीब 1,400 टन, लंबाई 91 मीटर, बीम 11 मीटर है और यह 25 समुद्री मील से अधिक की गति प्राप्त करने में सक्षम है।

**84. (d)**

**व्याख्या:** चौथा राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2022 जून 2023 में प्रदान किया गया है। सर्वश्रेष्ठ राज्य का पहला पुरस्कार मध्य प्रदेश को दिया गया; ओडिशा के गंजम ज़िले को सर्वश्रेष्ठ ज़िले का पुरस्कार; सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत का पुरस्कार जगन्नाधापुरम ग्राम पंचायत, भद्राद्रि कोठागुडेम ज़िला, तेलंगाना को दिया गया; चंडीगढ़ नगर निगम, चंडीगढ़ को सर्वश्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय का पुरस्कार; सीएसआर गतिविधियों के लिये सर्वश्रेष्ठ उद्योग का पुरस्कार एचसीएल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, नोएडा, उत्तर प्रदेश को प्रदान किया गया। **अतः विकल्प (d) सही है।**

- राष्ट्रीय जल पुरस्कार का पहला संस्करण वर्ष 2018 में जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग द्वारा पेश किया गया था।

**85. (a)**

**व्याख्या:** गीता प्रेस को भारत सरकार द्वारा वर्ष 2021 के गांधी शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पुरस्कार की घोषणा संस्कृति मंत्रालय द्वारा की गई। **अतः विकल्प (a) सही है।**

- उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में स्थापित गीता प्रेस, हिंदू धार्मिक ग्रंथों का विश्व का सबसे बड़ा प्रकाशक है। इसकी स्थापना 29 अप्रैल, 1923 को जय दयाल गोयनका, घनश्याम दास जालान और हनुमान प्रसाद पोद्दार ने की थी।

**86. (a)**

**व्याख्या:** हर वर्ष विश्वभर में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की अवधारणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के दौरान प्रस्तावित की थी।


641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009 | 21, पूसा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली | 13/15, ताशकंद मार्ग, निकट पत्रिका चौराहा, सिविल लाइन्स, प्रयागराज | प्लॉट नंबर-45 व 45-A हर्ष टावर-2, मेन टोंक रोड, वसुंधरा कॉलोनी, जयपुर | 47/CC, बर्लिंगटन आर्केड मॉल, विधानसभा मार्ग, लखनऊ
14
Phone: 8448485518, 011-47532596, 8750187501 :: www.drishtiIAS.com
Copyright – Drishti The Vision Foundation
WWW.PDFNOTES.CO
Call For Courier BHAVEST STUDY MATERIAL 9877045985

- वर्ष 2023 के लिये योग दिवस का विषय 'वसुधैव कुटुंबकम के लिये योग' है अर्थात् 'एक विश्व-एक परिवार' के रूप में सभी के कल्याण के लिये योग। यह योग की भावना पर ज़ोर देता है, जो सभी को एकजुट करता है और साथ लेकर चलता है। **अतः विकल्प (a) सही है।**

**87. (a)**

**व्याख्या:** हिंदी भाषा के लिये साहित्य अकादमी पुरस्कार 2023 'संजीव' को उनके उपन्यास 'मुझे पहचानो' के लिये दिया गया।

- वर्ष 2023 में, हिंदी भाषा के लिये साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार अतुल कुमार राय को उनके उपन्यास 'चांदपुर की चंदा' के लिये दिया गया। **अतः विकल्प (a) सही है।**
- साहित्य अकादमी की स्थापना वर्ष 1954 में केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के तहत की गई थी।

**88. (a)**

**व्याख्या:** वर्ष 2023 में, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने अहमदनगर का नाम बदलकर 'अहिल्या नगर' कर दिया। यह घोषणा अहिल्या बाई होल्कर की जयंती पर की गई है। **अतः विकल्प (a) सही है।**

- वह प्रारंभिक आधुनिक भारत में मराठा साम्राज्य की वंशानुगत कुलीन रानी थीं। वह हिंदू मंदिरों की एक महान अग्रणी और निर्माता थीं। उन्होंने पूरे भारत में सैकड़ों मंदिर और धर्मशालाएँ बनवाईं। उनका जन्म 31 मई, 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर ज़िले में हुआ था।

**89. (a)**

**व्याख्या:** मई 2023 में, केंद्रशासित प्रदेश, जम्मू और कश्मीर के जम्मू शहर में पहला पूर्ण विकसित चिड़िया घर, जिसका नाम 'जंबू जू' है, खोला गया है। **अतः विकल्प (a) सही है।**

- इसे जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के निकट शिवालिक के गिरिपाद में खानपुर नगरोटा में प्राकृतिक रूप से हरे भू-परिदृश्य में विकसित किया गया है।

**90. (c)**

**व्याख्या:** हाल ही में वर्ष 2020-21 के कोविड वर्ष के लिये नीति आयोग का वार्षिक श्स्वास्थ्य सूचकांकश जारी किया गया।

**समग्र निष्पादन:**

- **बड़े राज्य:**
  - 19 'बड़े राज्यों' में से, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना ने समग्र प्रदर्शन के मामले में क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया है। जबकि बिहार (19वें), उत्तर प्रदेश (18वें) और मध्य प्रदेश (17वें) सूची में सबसे नीचे हैं। **अतः विकल्प (c) सही है।**
- **छोटे राज्य:**
  - आठ छोटे राज्यों में से, त्रिपुरा ने सबसे अच्छा समग्र निष्पादन दर्ज किया है।
- **केंद्रशासित प्रदेश (UTs):**
  - समग्र निष्पादन के मामले में लक्षद्वीप को शीर्ष प्रदर्शनकर्त्ता के रूप में स्थान दिया गया है, जबकि दिल्ली सबसे निचले स्थान रहा।

**91. (a)**

**व्याख्या: इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन, 2023**

- विश्वभर में छठे अनुक्रम पर स्थित युगल 'सात्विक साईराज रंकीरेड्डी' और 'चिराग शेट्टी' ने विश्वभर में तीसरे स्थान के युगल मलेशिया की 'आरोन चिया' और 'सोह वूई यिक' को हराया।
- 'सात्विक साईराज रंकीरेड्डी' और 'चिराग शेट्टी' इंडोनेशिया ओपन जीतने वाली भारत की पहली युगल टीम बन गईं। वे भारत का पहला बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन सुपर 1000 खिताब जीतने वाले देश के पहले युगल भी हैं। **अतः विकल्प (a) सही है।**

**92. (c)**

**व्याख्या:** जोहा, भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में उगाया जाने वाला एक सुगंधित चावल है जो रक्त शर्करा को कम करने और मधुमेह को रोकने में प्रभावी है। यह मधुमेह प्रबंधन में एक प्रभावी पौष्टिक-औषध है। **अतः विकल्प (c) सही है।**

- जोहा एक छोटे दाने वाला शीत ऋतु में उगाया जाने वाला धान है जो अपनी विशिष्ट सुगंध और उल्लेखनीय स्वाद के लिये जाना जाता है। पारंपरिक दावे यह हैं कि जोहा चावल के उपभोक्ताओं में मधुमेह और हृदय संबंधी रोग कम होते हैं।

**93. (b)**

**व्याख्या:** मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के सर्वोच्च राजकीय सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द नाइल' पुरस्कार से सम्मानित किया। **अतः विकल्प (b) सही है।**

- वर्ष 1915 में स्थापित, 'ऑर्डर ऑफ द नाइल' उन राष्ट्राध्यक्षों, क्राउन प्रिंसेस और उप-राष्ट्रपतियों को प्रदान किया जाता है जो मिस्र या मानवता को अमूल्य सेवाएँ प्रदान करते हैं। यह 13वाँ सर्वोच्च राजकीय सम्मान है जो विश्वभर के विभिन्न देशों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रदान किया है।


641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009 | 21, पूसा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली | 13/15, ताशकंद मार्ग, निकट पत्रिका चौराहा, सिविल लाइन्स, प्रयागराज | प्लॉट नंबर-45 व 45-A हर्ष टावर-2, मेन टोंक रोड, वसुंधरा कॉलोनी, जयपुर | 47/CC, बर्लिंगटन आर्केड मॉल, विधानसभा मार्ग, लखनऊ
Phone: 8448485518, 011-47532596, 8750187501 :: www.drishtiIAS.com

Copyright – Drishti The Vision Foundation
WWW.PDFNOTES.CO
Call For Courier BHAVEST STUDY MATERIAL 9877045985

**94. (a)**

**व्याख्या:** तेलंगाना को खूबसूरत इमारतों के लिये 'इंटरनेशनल ग्रीन एप्पल अवार्ड्स 2023' से सम्मानित किया गया है। **अतः विकल्प (a) सही है।**

- यह पहली बार है कि भारत की किसी इमारत या संरचना को ये प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले हैं। वैश्विक पर्यावरणीय सर्वोत्तम प्रथाओं को पहचानने और बढ़ावा देने के लिये लंदन स्थित एक स्वतंत्र गैर-लाभकारी संगठन 'ग्रीन ऑर्गनाइजेशन' द्वारा प्रतिवर्ष पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं।

**95. (c)**

**व्याख्या:** 'द गीता फॉर चिल्ड्रन' पुस्तक रूपा पाई द्वारा लिखी गई है। बच्चों की यह पुस्तक योग पर पतंजलि के 2,000 वर्ष पुराने पाठ के रहस्यों को उजागर करती है। **अतः विकल्प (c) सही है।**

- इसका उद्देश्य योग के अभ्यास को बच्चों के रोजमर्रा के जीवन से जोड़ना और उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने हेतु अपनी मानसिक शक्ति का उपयोग करने में मदद करना है।

**96. (a)**

**व्याख्या: हेनले पासपोर्ट सूचकांक:**

- नवीनतम हेनले पासपोर्ट सूचकांक 2023 में, भारतीय पासपोर्ट सात पायदान ऊपर होकर 80वें स्थान पर पहुँच गया है, जो वर्ष 2022 में 87वें स्थान से ऊपर है, जिससे इसके धारकों को 57 देशों में वीजा मुक्त पहुँच मिल गई है। **अतः विकल्प (a) सही है।**
- यह एक अनुक्रम प्रणाली है जो विश्व के सभी पासपोर्टों का मूल्यांकन उन यात्रा स्थलों की संख्या के आधार पर करती है जहाँ उनके धारक पूर्व वीजा की आवश्यकता के बिना पहुँच सकते हैं। यह सूचकांक 199 विभिन्न पासपोर्टों को शामिल करता है और 227 यात्रा स्थलों को सम्मिलित करता है।
- इसे लंदन स्थित वैश्विक नागरिकता और निवास सलाहकार कंपनी हेनले एंड पार्टनर्स द्वारा संकलित और प्रकाशित किया गया है। इसे वर्ष 2006 में हेनले एंड पार्टनर्स वीजा रेस्ट्रिक्शन इंडेक्स के रूप में शुरू किया गया था और वर्ष 2018 में इसका नाम बदल दिया गया।

**97. (a)**

**व्याख्या:** स्पेन के कार्लोस अलकराज ने विंबलडन 2023 पुरुष एकल फाइनल में चार बार के गत चैंपियन नोवाक जोकोविच को हराकर चैंपियनशिप में अपना पहला खिताब जीता है। **अतः विकल्प (a) सही है।**

- विंबलडन 2023 का महिला एकल मार्केटा वॉनोसोवा ने जीता।

**98. (d)**

**व्याख्या:** जुलाई 2023 में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी-सह-सम्मेलन केंद्र (IECC) परिसर का उद्घाटन किया, जिसे भारत मंडपम नाम दिया गया है। **अतः विकल्प (d) सही है।**

- यह सितंबर 2023 में जी-20 नेताओं के सम्मेलन का स्थान था। इस महत्त्वपूर्ण परियोजना का उद्देश्य भारत को वैश्विक व्यापार गंतव्य के रूप में प्रदर्शित करना और बढ़ावा देना है।

**99. (d)**

**व्याख्या:** टॉम ब्लंडेल, बेन फॉक्स, हरमनप्रीत कौर, डेरिल मिशेल और मैथ्यू पॉट्स को विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2023 नामित किया गया है। **अतः विकल्प (d) सही है।**

- हरमनप्रीत कौर विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर नामित होने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर हैं, जिन्हें मुख्य रूप से वर्ष 2022 में कैंटरबरी में इंग्लैंड के खिलाफ उनके वनडे शतक के लिये दिया गया है।
- यह पुरस्कार क्रिकेट का सबसे पुराना व्यक्तिगत पुरस्कार है और इसे सबसे पहली बार वर्ष 1889 में प्रदान किया गया था।

**100. (d)**

**व्याख्या:** अप्रैल 2023 में, केंद्रीय वाणिज्य, उद्योग और कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल ने 'पीएम मित्र योजना' के तहत उत्तर प्रदेश के लखनऊ और हरदोई ज़िलों में पीएम मित्र पार्क का उद्घाटन किया। **अतः विकल्प (d) सही है।**

- पार्क में एक ऊष्मायन केंद्र, एक सामान्य प्रसंस्करण क्षेत्र, एक सामान्य अपशिष्ट उपचार संयंत्र और अन्य कपड़ा-संबंधित सुविधाएँ जैसे अभिकल्प केंद्र और परीक्षण केंद्र होंगे।

**101. (c)**

**व्याख्या:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल के तिरुवनंतपुरम में टेक्नोसिटी परिसर में भारत के पहले डिजिटल साइंस पार्क की आधारशिला रखी। **अतः विकल्प (c) सही है।**

- डिजिटल साइंस पार्क एक बहु-विषयक क्लस्टर-आधारित अंत:क्रियात्मक-नवाचार क्षेत्र है जो डिजिटल प्रौद्योगिकियों पर केंद्रित है। इसमें उच्च स्तरीय अनुसंधान प्रयोगशालाएँ और अन्य सुविधाएँ शामिल होंगी।



641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009 | 21, पूसा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली | 13/15, ताशकंद मार्ग, निकट पत्रिका चौराहा, सिविल लाइन्स, प्रयागराज | प्लॉट नंबर-45 व 45-A हर्ष टॉवर-2, मेन टोंक रोड, वसुंधरा कॉलोनी, जयपुर | 47/CC, बर्लिंगटन आर्केड मॉल, विधानसभा मार्ग, लखनऊ
16
Phone: 8448485518, 011-47532596, 8750187501 :: www.drishtiIAS.com
Copyright – Drishti The Vision Foundation
WWW.PDFNOTES.CO
Call For Courier BHAVEST STUDY MATERIAL 9877045985

**102. (a)**

**व्याख्या:** ऑपरेशन कावेरी सूडान में सेना और प्रतिद्वंद्वी अर्द्धसैनिक बल के बीच तीव्र संघर्ष के बीच फंसे अपने नागरिकों को वापस लाने के भारत के निकासी प्रयास का एक कोड नाम था। **अतः विकल्प (a) सही है।**

- इसमें भारतीय नौसेना के आई.एन.एस. सुमेधा, एक गुप्त अपतटीय गश्ती जहाज और जेद्दा में स्टैंडबाय पर दो भारतीय वायु सेना के विशेष अभियान विमान C-130J की तैनाती शामिल थी।

**103. (d)**

**व्याख्या:** सौम्या माथुर भारत के पूर्वोत्तर रेलवे की पहली महिला महाप्रबंधक (GM) बनीं। उन्होंने पूर्व महाप्रबंधक चंद्रवीर रमन का स्थान लिया। वह वर्ष 1987 में भारतीय रेल लेखा सेवा (IRAS) में शामिल हुईं। **अतः विकल्प (d) सही है।**

- पूर्वोत्तर रेलवे 14 अप्रैल, 1952 को अस्तित्व में आया।
- 15 जनवरी, 1958 को, इसे दो जोनों में विभाजित किया गया था जो कि उत्तर पूर्व सीमांत रेलवे और उत्तर पूर्व रेलवे हैं, जिसका मुख्यालय गोरखपुर में है, जिसमें पाँच प्रभाग इज़्ज़तनगर, लखनऊ, वाराणसी, समस्तीपुर और सोनपुर शामिल हैं।

**104. (c)**

**व्याख्या:** हाल ही में, एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (AIIB) ने संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के अबू धाबी में अपने पहले विदेशी कार्यालय का उद्घाटन किया है। एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक एक बहुपक्षीय विकास बैंक है जिसका मिशन एशिया में सामाजिक और आर्थिक परिणामों में सुधार करना है। इसकी स्थापना एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक करारनामा (वर्ष 2015 में कार्यान्वित) द्वारा की गई थी जो एक बहुपक्षीय संधि है।

- समझौते के पक्ष (57 संस्थापक सदस्य) बैंक की सदस्यता में शामिल हैं। इसका मुख्यालय बीजिंग में है और इसका परिचालन जनवरी 2016 में शुरू हुआ। **अतः विकल्प (c) सही है।**

**105. (d)**

**व्याख्या:** जम्मू-कश्मीर के कठुआ ज़िले की विश्व प्रसिद्ध बसोहली चित्रकला को राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (NABARD) द्वारा अनुमोदन के बाद भौगोलिक उपदर्शन प्रमाणन (GI) प्राप्त हुआ है। **अतः विकल्प (d) सही है।**

- किसी उत्पाद, वस्तु या विशेषता को भौगोलिक उपदर्शन प्रमाणन मूल उत्पादकों को विधिक सुरक्षा प्रदान करता है और तीसरे पक्षों द्वारा उनके अनधिकृत उपयोग को रोकता है। यह निर्यात को भी बढ़ावा देता है, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वस्तुओं को बढ़ावा देता है तथा उत्पादकों और हितधारकों के लिये आर्थिक समृद्धि प्रस्तुत करता है।

**106. (d)**

**व्याख्या:** फरवरी-मार्च 2023 में, बनारसी पान, बनारसी लंगड़ा आम, रामनगर भंटा (बैंगन) और चंदौली के आदमचीनी चावल के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के अन्य 7 उत्पादों को भौगोलिक उपदर्शन प्रमाणन प्राप्त हुआ है। **अतः विकल्प (d) सही है।**

- अन्य उत्पाद अलीगढ़ ताला, बखरला पीतल के बर्तन, बांदा शाजर पत्थर शिल्प, नगीना काष्ठ शिल्प, प्रतापगढ़ आंवला, हाथरस हींग और मुजफ्फरनगर गुड़ हैं।

**107. (d)**

**व्याख्या:** 6 अप्रैल, 2023 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से गोरखपुर ज़िले के सहजनवा तहसील के सुथनी गाँव में आर्द्र अपशिष्ट जैव-संपीडित प्राकृतिक गैस (CNG) संयंत्र का आभासी शिलान्यास किया। **अतः विकल्प (d) सही है।**

**108. (a)**

**व्याख्या:** 17 अप्रैल, 2023 को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में पंचायत संवर्द्धन पर राष्ट्रीय सम्मेलन में उत्तर प्रदेश की 2 ग्राम पंचायतों को राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार-2023 प्रदान किया।

- सिद्धार्थनगर ज़िले के भनवापुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत हंसुड़ी औसानपुर को राष्ट्रीय स्तर पर दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सतत् विकास पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया। **अतः विकल्प (a) सही है।**
- मुरादाबाद ज़िले के डिलारी ब्लॉक की ग्राम पंचायत मिलक अमावती को सभी 9 एल.एस.डी.जी. विषयों और हरित पहल से संबंधित विशेष श्रेणियों के तहत समग्र प्रदर्शन के लिये नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत् विकास पुरस्कार (NDSPSP) से सम्मानित किया गया।

**109. (d)**

**व्याख्या:** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में एक महिला विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी।

- यह राज्य का पहला महिला विश्वविद्यालय होगा और इसे दक्षिण भारतीय कंपनी सोभा डेवलपर्स द्वारा अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) निधि के माध्यम से वित्तपोषित किया जा रहा है। इस विश्वविद्यालय की स्थापना, विशेष रूप से पूर्वी उत्तर प्रदेश में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और महिलाओं को सशक्त बनाने के कंपनी के प्रयासों का हिस्सा है।

**अतः विकल्प (d) सही है।**



दृष्टि The Vision
641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009 | 21, पूसा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली | 13/15, ताशकंद मार्ग, निकट पत्रिका चौराहा, सिविल लाइन्स, प्रयागराज | प्लॉट नंबर-45 व 45-A हर्ष टॉवर-2, मेन टोंक रोड, वसुंधरा कॉलोनी, जयपुर | 47/CC, बर्लिंगटन आर्केड मॉल, विधानसभा मार्ग, लखनऊ
Phone: 8448485518, 011-47532596, 8750187501 :: www.drishtiIAS.com
Copyright – Drishti The Vision Foundation
WWW.PDFNOTES.CO
Call For Courier BHAVEST STUDY MATERIAL 9877045985

**110. (b)**

**व्याख्या:** 9 मई 2023 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन के दौरान अदम्य साहस दिखाने के लिये सी.आर.पी.एफ. के सहायक कमांडेंट अमित कुमार को शौर्य चक्र से सम्मानित किया।

- अमित कुमार मेरठ ज़िले के रहने वाले हैं। उनके पिता जीत सिंह भी सेना से सेवानिवृत्त हैं।

**अतः विकल्प (b) सही है।**

**111. (c)**

**व्याख्या:** औषध क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिये उत्तर प्रदेश में फार्मास्युटिकल रिसर्च एंड इनोवेशन इंस्टीट्यूट नाम से एक नया संस्थान खुलेगा। इसकी स्थापना लखनऊ में की जाएगी। **अतः विकल्प (c) सही है।**

**112. (c)**

**व्याख्या:** कुकरैल एक हिरण उद्यान और भारत में मगरमच्छों की लुप्तप्राय प्रजातियों के संवर्द्धन स्थान में से एक है। इस वन से होकर एक जलधारा प्रवाहित होती है एवं यहाँ विभिन्न प्रकार के पक्षी और काले हिरण भी अपने प्राकृतिक पर्यावास में देखे जा सकते हैं। **अतः विकल्प (c) सही है।**

- मई 2023 में केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (CZA) ने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के कुकरैल वनों में सिंगापुर की तर्ज पर देश की पहली नाइट सफारी और एक नया चिड़ियाघर स्थापित करने के लिये परमिट जारी किया है।

**113. (d)**

**व्याख्या:** उत्तर प्रदेश सरकार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) की तर्ज पर लखनऊ में राज्य राजधानी क्षेत्र (SCR) की स्थापना करेगी। इसमें लखनऊ, कानपुर नगर, कानपुर देहात, उन्नाव, रायबरेली, बाराबंकी, सीतापुर और हरदोई जिलों को शामिल करने का प्रस्ताव है। **अतः विकल्प (d) सही है।**

- इसके अलावा छह अन्य विकास क्षेत्र मेरठ, आगरा, वाराणसी, गोरखपुर, बरेली और झांसी में बनाने की सिफारिश की गई है। SCR का प्रमुख मुख्य सचिव हो सकता है, लेकिन अन्य क्षेत्रों की ज़िम्मेदारी संभागीय आयुक्त को सौंपी जा सकती है।

**114. (d)**

**व्याख्या:** विश्व संरक्षण कांग्रेस (डब्ल्यूसीसी) संरक्षणवादियों की दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे महत्त्वपूर्ण सभा है।

- 2025 डब्ल्यूसीसी 10-21 अक्तूबर, 2025 तक अबू धाबी, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में आयोजित किया जाएगा। **अतः विकल्प (d) सही है।**
- यूएई का पर्यावरण संरक्षण का एक लंबा इतिहास है, और यह शेख जायद डेजर्ट लर्निंग सेंटर और अल ऐन ओएसिस सहित कई महत्त्वपूर्ण संरक्षण पहलों का जन्मदाता है।

**115. (a)**

**व्याख्या:** 30 मई, 2023 को उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि राज्य के हर ज़िले में सरकारी माध्यमिक स्कूल, सरकारी डिग्री कॉलेज, नवोदय विद्यालय, केंद्रीय स्कूल, श्रमिक स्कूल (अटल) और कस्तूरबा गांधी विद्यालय आदि के संचालन के लिये 10,000 रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। **अतः विकल्प (a) सही है।**

**116. (b)**

**व्याख्या: भारतीय स्टेट बैंक** ने बेंगलुरु में चार लेनदेन बैंकिंग केंद्र और एक कॉर्पोरेट वेतन पैकेज केंद्र के साथ प्रोजेक्ट कुबेर लॉन्च किया है। **अतः विकल्प (b) सही है।**

- इस परियोजना का उद्देश्य ग्राहकों की विभिन्न बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करना, सुविधा प्रदान करना और पूरा करना है, और ये केंद्र देयता उत्पादों में एसबीआई की बाज़ार हिस्सेदारी बढ़ाने में मदद करेंगे।
- बैंक के अनुसार, ये सभी भुगतान और संग्रह-संबंधित आवश्यकताओं के लिये वन-स्टॉप डेस्टिनेशन के रूप में काम करेंगे और कॉर्पोरेट और गैर-कॉर्पोरेट ग्राहकों को खाता खोलने के शुरुआती चरण से लेकर उन्हें एसबीआई के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर शामिल करने तक सेवाएं प्रदान करेंगे।

**117. (a)**

**व्याख्या:** भारत और श्रीलंका के सशस्त्र बलों के बीच एक संयुक्त सैन्य अभ्यास 'मित्र शक्ति-2023' आयोजित किया गया। औंध, पुणे में आयोजित संयुक्त सैन्य अभ्यास का यह नौवाँ संस्करण था। **अतः विकल्प (a) सही है।**

- अभ्यास का प्राथमिक उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय VII के तहत आतंकवाद रोधी अभियानों के दौरान समन्वित प्रतिक्रियाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए सामूहिक रूप से उप पारंपरिक संचालन का अभ्यास करना था।

**118. (c)**

**व्याख्या:** कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के सहयोग से आसियान में भारतीय मिशन ने जकार्ता, इंडोनेशिया में आसियान-भारत



641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009 | 21, पूसा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली | 13/15, ताशकंद मार्ग, निकट पत्रिका चौराहा, सिविल लाइन्स, प्रयागराज | प्लॉट नंबर-45 व 45-A हर्ष टावर-2, मेन टोंक रोड, वसुंधरा कॉलोनी, जयपुर | 47/CC, बर्लिंगटन आर्केड मॉल, विधानसभा मार्ग, लखनऊ
18
Phone: 8448485518, 011-47532596, 8750187501 :: www.drishtiIAS.com
Copyright – Drishti The Vision Foundation
WWW.PDFNOTES.CO
Call For Courier BHAVEST STUDY MATERIAL 9877045985

मिलेट्स (कदन्न) महोत्सव 2023 का आयोजन किया। **अतः विकल्प (c) सही है।**

- अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 (IYM) समारोह के अनुरूप, इस उत्सव का उद्देश्य आसियान सदस्य देशों यानी ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमा, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम के मध्य मिलेट्स और मिलेट्स-आधारित उत्पादों के लिये जागरूकता के प्रसार के साथ-साथ बाज़ार निर्माण करना था।

**119. (a)**

**व्याख्या:** झारखंड के राँची में मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने जापान को हराकर वर्ष 2023 का खिताब जीता लिया है। **अतः विकल्प (a) सही है।**

- यह भारत का दूसरा महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी खिताब था भारत ने पहली बार यह खिताब वर्ष 2016 में जीता था। जापान ने 2013 और 2021 में दो बार यह खिताब जीता है।

**120. (b)**

**व्याख्या:** भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना के उपलक्ष्य में प्रति वर्ष 16 नवंबर को पूरे भारत में राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है। **अतः विकल्प (b) सही है।**

**भारतीय प्रेस परिषद:**

- इसे पहली बार वर्ष 1966 में भारतीय प्रेस परिषद अधिनियम, 1965 के तहत प्रथम प्रेस आयोग की सिफारिशों पर स्थापित किया गया था, जिसका उद्देश्य समाचार पत्रों और समाचार एजेंसियों के मानकों को बनाए रखने और उनमें सुधार करके प्रेस की स्वतंत्रता को संरक्षित करना था। भारत में
- एक अर्द्ध-न्यायिक स्वायत्त प्राधिकरण के रूप में, इसे वर्ष 1979 में संसद के एक अधिनियम, प्रेस परिषद अधिनियम, 1978 के तहत फिर से स्थापित किया गया था।

**121. (c)**

**व्याख्या: पुस्तक 'कोर्टिंग इंडिया:** इंग्लैंड, मुगल इंडिया एंड द ओरिजिन्स ऑफ एम्पायर' की लेखिका नंदिनी दास हैं। वैश्विक सांस्कृतिक समझ के लिये गैर-काल्पनिक कृति की श्रेणी में उन्हें ब्रिटिश अकादमी पुस्तक पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया, साथ ही, इस पुस्तक के लिये उन्हें 25,000 ब्रिटिश पाउंड का नकद पुरस्कार भी प्रदान किया गया। **अतः विकल्प (c) सही है।**

- ब्रिटिश अकादमी पुस्तक पुरस्कार, जिसे पहले नायेफ अल-रोधन पुरस्कार के नाम से जाना जाता था, की स्थापना वर्ष 2013 में गैर-काल्पनिक साहित्य के सर्वोत्तम कृतियों को पुरस्कृत करने के लिये की गई थी, ये वे कृतियाँ हैं जो दृढ़ता और मौलिकता प्रदर्शित करते हैं तथा अन्य विश्व संस्कृतियों एवं उनके बीच संबंधों की सार्वजनिक समझ में योगदान देते हैं।

**122. (a)**

**व्याख्या:** विश्व का पहला 3D-मुद्रित मंदिर तेलंगाना के सिद्दीपेट ज़िले के बुरुगुपल्ली में स्थित है। **अतः विकल्प (a) सही है।**

- भारत का पहला 3D-मुद्रित डाकघर बेंगलुरु, कर्नाटक में स्थित है।

**123. (b)**

**व्याख्या: घोल मछली:**

- नवंबर 2023 में गुजरात ने ब्लैक-स्पॉटेड क्रोकर (प्रोटोनिबिया डायकैंथस) जिसे स्थानीय रूप से घोल मछली के रूप में जाना जाता है, को राज्य मछली घोषित किया। **अतः विकल्प (b) सही है।**
- यह मुख्य रूप से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में पाया जाता है। इसके उच्च बाज़ार मूल्य के कारण इसे 'सी गोल्ड' के नाम से भी जाना जाता है। चीन और अन्य एशियाई देशों के बाज़ारों में इसकी काफी मांग है।
- वर्ष 2022 में भारत में समुद्री मत्स्य उत्पादन में गुजरात अग्रणी राज्य था, उसके बाद केरल का स्थान था।

**124. (c)**

**व्याख्या:** भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) गिरीश चंद्र मुर्मू को वर्ष 2024 के लिये बाह्य लेखापरीक्षकों का यूएन पैनल के उपाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। **अतः विकल्प (c) सही है।**

- बाह्य लेखापरीक्षकों के पैनल में वैश्विक स्तर पर 12 सर्वोच्च लेखा परीक्षा संस्थानों (SAIs) के प्रमुख शामिल होते हैं। यह पैनल संयुक्त राष्ट्र सचिवालय, निधियों और कार्यक्रमों एवं विशेष एजेंसियों के बाह्य लेखा परीक्षा की देखरेख करता है।
- गिरीश चंद्र मुर्मू ने 8 अगस्त, 2020 को भारत के 14वें CAG के रूप में पदभार ग्रहण किया। भारत के CAG की नियुक्ति भारतीय संविधान के अनुच्छेद 148 के तहत राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

**125. (b)**

**व्याख्या:** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के तहत उच्च शिक्षा विभाग ने IIT कानपुर के सहयोग से JEE, NEET और विभिन्न राज्य स्तरीय इंजीनियरिंग जैसी प्रतिस्पर्द्धी परीक्षाओं में भाग लेने के इच्छुक



641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009 | 21, पूसा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली | 13/15, ताशकंद मार्ग, निकट पत्रिका चौराहा, सिविल लाइन्स, प्रयागराज | प्लॉट नंबर-45 व 45-A हर्ष टावर-2, मेन टोंक रोड, वसुंधरा कॉलोनी, जयपुर | 47/CC, बर्लिंगटन आर्केड मॉल, विधानसभा मार्ग, लखनऊ
Phone: 8448485518, 011-47532596, 8750187501 :: www.drishtiIAS.com
Copyright – Drishti The Vision Foundation
WWW.PDFNOTES.CO
Call For Courier BHAVEST STUDY MATERIAL 9877045985

प्रत्येक छात्र को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिये SATHEE (प्रवेश परीक्षा के लिये स्व-मूल्यांकन, परीक्षण और सहायता) पोर्टल शुरू किया है। **अतः विकल्प (b) सही है।**

- नवंबर 2023 में, इस पोर्टल पर IIT टॉपर्स, शिक्षाविदों और विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार किया गया JEE का 45 दिनों का क्रैश कोर्स लॉन्च किया गया। यह कोर्स अंग्रेज़ी सहित 5 अन्य भाषाओं में उपलब्ध है।

**126. (c)**

**व्याख्या:** वर्ष 2025 में 24वें एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप की मेजबानी बांग्लादेश द्वारा की जायेगी। बांग्लादेश ने नवंबर 2023 में बैंकॉक, थाईलैंड में आयोजित विश्व तीरंदाजी एशिया कॉन्ग्रेस में 14-10 मतों के साथ यह मेजबानी हासिल की है। **अतः विकल्प (c) सही है।**

- इस कॉन्ग्रेस में एशियाई महाद्वीप के कुल चौबीस सदस्य देशों ने भाग लिया था। 24वीं एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप के लिये मेजबान देश के रूप में केवल दो देशों बांग्लादेश और चीन ने बोली के लिये आवेदन किया था।
- थाईलैंड ने बैंकॉक में 23वीं एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप की मेजबानी की थी।

**127. (c)**

**व्याख्या:** सतत् एवं समावेशी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये केरल को ग्लोबल रिस्पॉन्सिबल टूरिज़्म अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया है। **अतः विकल्प (c) सही है।**

- राज्य द्वारा सतत् और समावेशी पर्यटन पहलों, महिलाओं के नेतृत्व वाले लघु और मध्यम आकार के उद्यमों (SME) को पर्यटन गतिविधियों से जोड़ने तथा स्वदेशी उत्पादों का प्रभावी विपणन को सुनिश्चित करने पर केंद्रित उत्तरदायित्वपूर्ण पर्यटन मिशन के आलोक में केरल का इस पुरस्कार के लिये चयन किया गया था।
- स्थानीय सोर्सिंग, भोजन और शिल्प श्रेणी में श्रेष्ठता पर केंद्रित इस पुरस्कार की स्थापना रिस्पॉन्सिबल टूरिज़्म पार्टनरशिप और इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिस्पॉन्सिबल टूरिज़्म (ICRT) द्वारा की गई थी।

**128. (c)**

**व्याख्या:** दोहा, कतर में आयोजित विश्व IBSF (अंतर्राष्ट्रीय बिलियर्ड्स और स्नूकर फेडरेशन) बिलियर्ड्स चौम्पियनशिप 2023 के विजेता भारत के पंकज आडवाणी हैं। **अतः विकल्प (c) सही है।**

- फाइनल में अपने प्रतिद्वंद्वी सौरव कोठारी को उन्होंने 1000-416 के अंतर से पराजित कर अपना 26वाँ विश्व खिताब जीता।
- IBSF विश्वभर में स्नूकर और इंग्लिश बिलियर्ड्स को विनियमित करने वाला संगठन है। इसका गठन वर्ष 1971 में विश्व बिलियर्ड्स तथा स्नूकर परिषद के रूप में किया गया था और वर्ष 1973 में इसका नाम बदलकर IBSF कर दिया गया।

**129. (a)**

**व्याख्या:** भारतीय तटरक्षक बल द्वारा नवंबर 2023 में वाडिनार, गुजरात में 9वाँ राष्ट्रीय स्तरीय प्रदूषण प्रतिक्रिया अभ्यास (NATPOLREX-IX) आयोजित किया गया था। **अतः विकल्प (a) सही है।**

- भारतीय तटरक्षक बल ने 07 मार्च, 1986 को भारत के समुद्री क्षेत्रों में समुद्री पर्यावरण की रक्षा की ज़िम्मेदारियाँ संभाली, जब ये ज़िम्मेदारियाँ पोत परिवहन मंत्रालय से स्थानांतरित कर दी गईं थीं।
- तटरक्षक बल ने मुंबई, चेन्नई, पोर्ट ब्लेयर और वाडिनार में चार प्रदूषण प्रतिक्रिया केंद्र स्थापित किये हैं।

**130. (d)**

**व्याख्या:** नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (NASA) द्वारा 28 नवंबर, 1964 के दिन मेरिनर-4 को लॉन्च किया गया था जिसके उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 28 नवंबर को लाल ग्रह दिवस मनाया जाता है। **अतः विकल्प (d) सही है।**

- मंगल ग्रह को लाल ग्रह कहा जाता है। यह सूर्य से चौथा ग्रह और सौर मंडल का दूसरा सबसे छोटा ग्रह है। इसका आकार पृथ्वी से लगभग आधा है। इसके दो छोटे चंद्रमा हैं, फोबोस और डीमोस।

**131. (a)**

**व्याख्या:** हाल ही में भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने ऑनलाइन गतिविधियों के संचालन दौरान डार्क पैटर्न के मुद्दे के समाधान के लिये उपभोक्ता संरक्षण हेतु दिशानिर्देश विकसित करने के लिये एक टास्क फोर्स का गठन किया है। **अतः विकल्प (a) सही है।**

- डार्क पैटर्न, जिसे भ्रामक पैटर्न के रूप में भी जाना जाता है, वेबसाइट्स और एप्स द्वारा उपयोगकर्त्ताओं को उनकी इच्छा के विरुद्ध कार्य करने के लिये मनाने या ऐसे कार्य जो व्यवसायों के लिये फायदेमंद नहीं हों, उन्हें हतोत्साहित करने हेतु उपयोग की जाने वाली रणनीति है।
- इस पैटर्न में अधिकतर संज्ञानात्मक पूर्वाग्रहों का फायदा उठाते हुए अनुचित तात्कालिकता, जबरन कार्रवाई, छिपी हुई लागत आदि जैसी रणनीति अपनाई जाती है।



दृष्टि The Vision
641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009 | 21, पूसा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली | 13/15, ताशकंद मार्ग, निकट पत्रिका चौराहा, सिविल लाइन्स, प्रयागराज | प्लॉट नंबर-45 व 45-A हर्ष टॉवर-2, मेन टोंक रोड, वसुंधरा कॉलोनी, जयपुर | 47/CC, बर्लिंगटन आर्केड मॉल, विधानसभा मार्ग, लखनऊ
20
Phone: 8448485518, 011-47532596, 8750187501 :: www.drishtiIAS.com
Copyright – Drishti The Vision Foundation
WWW.PDFNOTES.CO
Call For Courier BHAVEST STUDY MATERIAL 9877045985

**132. (c)**

**व्याख्या:** विश्व आर्थिक मंच (WEF) द्वारा जारी ऊर्जा संक्रमण सूचकांक (ETI) 2023 में भारत विश्व स्तर पर 67वें स्थान पर है। **अतः कथन (1) और (2) सही हैं।**

- यह सूचकांक भारत को सभी आयामों में ऊर्जा संक्रमण की गति के साथ एकमात्र प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में प्रदर्शित करता है।
- इस सूची में स्वीडन शीर्ष पर है, उसके बाद डेनमार्क और नॉर्वे का स्थान है।

**अतः विकल्प (c) सही है।**

**133. (a)**

**व्याख्या:** हाल ही में केंद्रीय पत्तन, पोत और जलमार्ग परिवहन मंत्री ने गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर (NMHC) की परियोजना प्रक्रिया की समीक्षा की।

- NMHC परिसर में एशिया का सबसे बड़ा जलीय समुद्री संग्रहालय और भारत का सबसे भव्य नौसेना संग्रहालय होगा।
- इसका प्राथमिक उद्देश्य प्राचीन से लेकर आधुनिक काल तक भारत की समुद्री विरासत को प्रदर्शित करना, एडुटेनमेंट दृष्टिकोण का उपयोग करना एवं नवीनतम तकनीक को शामिल करना है।

**अतः विकल्प (a) सही है।**

**134. (b)**

**व्याख्या:** स्वयं सहायता समूहों (SHG) में महिलाओं को समर्थन प्रदान करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हुए दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM) ने eSARAS मोबाइल ऐप लॉन्च किया है।

- इस एप का उद्देश्य SHG द्वारा तैयार किये गए उत्पादों के लिये विपणन पहलों में सुधार करना है।

**अतः विकल्प (b) सही है।**

**135. (b)**

**व्याख्या:** हाल ही में भारत ने शंघाई सहयोग संगठन (SCO) वर्चुअल शिखर सम्मेलन, 2023 की अध्यक्षता की, जिसमें नेताओं ने वैश्विक हित में 'अधिक प्रतिनिधि' और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के निर्माण पर सहमति जताई। **अतः कथन (1) सही नहीं है।**

- इस 23वें शिखर सम्मेलन के दौरान ईरान ने आधिकारिक तौर पर नौवें सदस्य देश के रूप में SCO की सदस्यता ग्रहण की। **अतः कथन (2) सही है।**
- इस शिखर सम्मेलन का विषय 'एक सुरक्षित SCO की ओर' था, जो वर्ष 2018 के SCO किंगदाओ शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा प्रतिपादित संक्षिप्त नाम से लिया गया है।

**अतः विकल्प (b) सही है।**

**136. (b)**

**व्याख्या:** 11 जुलाई, 2023 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिमंडलीय बैठक में निम्नलिखित को मंजूरी दी गई-

- NTPC के सहयोग से **ओबरा सोनभद्र में 800 मेगावाट के दो विद्युत संयंत्र स्थापित किये जाएंगे।** यह राज्य का पहला अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल विद्युत संयंत्र है। इस विद्युत संयंत्र के पास ही कोयला खदान है, जिससे उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति एक रुपए सस्ती हो जाएगी। **अतः कथन (1) सही नहीं है।**
- **रानीपुर बाघ आरक्षित क्षेत्र को उत्तर प्रदेश राज्य का चौथा बाघ आरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया। अतः कथन (2) सही है।**
- स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा संचालित सभी प्रकार के गृहों में रहने वाले बच्चों को अब 4000 रुपए प्रति माह दिये जाएंगे।

**अतः विकल्प (b) सही है।**

**137. (a)**

**व्याख्या:** 17 जुलाई 2023 को नीति आयोग ने सभी राज्यों की प्रगति पर नवीनतम बहुआयामी गरीबी सूचकांक-2023 रिपोर्ट जारी की, जिसमें गरीबों की संख्या में गिरावट लाने के संदर्भ में उत्तर प्रदेश पूरे देश में शीर्ष स्थान पर है। **अतः कथन (2) सही है।**

- रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में गरीबी का प्रतिशत 24.85 से घटकर 14.96 फीसदी हो गया है। **अतः कथन (1) सही है।**

| ज़िले | कमी ( प्रतिशत % में ) |
|---|---|
| महाराजगंज | -29.64 |
| गोंडा | -29.55 |
| बलरामपुर | -27.90 |
| कौशांबी | -25.75 |
| खीरी | -25.23 |
| श्रावस्ती | -24.42 |
| जौनपुर | -24.65 |
| बस्ती | -23.36 |
| गाजीपुर | -22.83 |
| कुशीनगर | -22.28 |
| चित्रकूट | -21.40 |

**अतः विकल्प (a) सही है।**



दृष्टि The Vision
641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009 | 21, पूसा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली | 13/15, ताशकंद मार्ग, निकट पत्रिका चौराहा, सिविल लाइन्स, प्रयागराज | प्लॉट नंबर-45 व 45-A हर्ष टावर-2, मेन टोंक रोड, वसुंधरा कॉलोनी, जयपुर | 47/CC, बर्लिंगटन आर्केड मॉल, विधानसभा मार्ग, लखनऊ
Phone: 8448485518, 011-47532596, 8750187501 :: www.drishtiIAS.com



Copyright – Drishti The Vision Foundation

WWW.PDFNOTES.CO

Call For Courier BHAVEST STUDY MATERIAL 9877045985

**138. (d)**

**व्याख्या:** भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन-उत्तर प्रदेश (NHM-UP) को **'माँ और नवजात शिशु स्वास्थ्य निगरानी एप्लिकेशन' (MANTRA) जोकि 'प्रसव संबंधी स्वास्थ्य सुविधाओं'** के लिये एक परियोजना है, हेतु रजत पुरस्कार के लिये चुना है। **अतः विकल्प (d) सही है।**

**139. (c)**

**व्याख्या:** उत्तर प्रदेश सरकार **लखनऊ** में राज्य का नया **IT हब** बनाएगी।

- उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम (UPRNN) कानपुर रोड पर अमौसी के नादरगंज औद्योगिक क्षेत्र में 40 एकड़ भूमि पर इस आईटी हब को स्थापित करने वाली नोडल एजेंसी है।

**अतः विकल्प (c) सही है।**

**140. (a)**

**व्याख्या:** जल शक्ति मंत्रालय ने पूरे भारत में सिंचाई प्रणालियों की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए लघु सिंचाई योजनाओं (संदर्भ वर्ष 2017-18 के साथ) की 6वीं जनगणना जारी की है।

- अब तक पाँच जनगणनाएँ वर्ष 1986-87, 1993-94, 2000-01, 2006-07 और 2013-14 में आयोजित की गई हैं।
- **भारत में लघु सिंचाई योजनाओं में उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्य है,** इसके बाद महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और तमिलनाडु हैं।

**अतः विकल्प (a) सही है।**

**141. (a)**

**व्याख्या:** वर्ष 2023 में **विश्व संस्कृत दिवस 31 अगस्त को मनाया गया।**

- पहला विश्व संस्कृत दिवस वर्ष 1969 में मनाया गया था।
- विश्व संस्कृत दिवस या हर वर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। **अतः कथन (1) सही है।**
- यह एक प्रतिष्ठित संस्कृत विद्वान और व्याकरणविद् पाणिनि की जयंती पर श्रद्धांजलि के रूप में आयोजित किया जाता है। **अतः कथन (2) सही नहीं है।**

**अतः विकल्प (a) सही है।**

**142. (c)**

**व्याख्या:** राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) ने राजस्थान राज्य में 55वें बाघ आरक्षित क्षेत्र के रूप में धौलपुर-करौली बाघ आरक्षित क्षेत्र की स्थापना के लिये अपनी मंज़ूरी दे दी है।

- यह मुकुंदरा हिल्स, रामगढ़ विषधारी, रणथंभौर और सरिस्का के बाद राजस्थान राज्य का पाँचवाँ बाघ आरक्षित क्षेत्र होगा।

**अतः विकल्प (c) सही है।**

**143. (a)**

**व्याख्या:** महाद्वीप पर मानव गतिशीलता और जलवायु परिवर्तन के बीच अंतरसंबंध को संबोधित करने के लिये प्रवासन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन पर कंपाला मंत्रिस्तरीय घोषणा (KDMECC) को अपनाने के लिये 48 अफ्रीकी देशों द्वारा एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाया गया है। **अतः विकल्प (a) सही है।**

**144. (b)**

**व्याख्या:** वास्तविक आँकड़ों के अनुसार वर्ष 2020-21 में राज्य की राजस्व आय में कर एवं गैर-कर राजस्व की हिस्सेदारी में लगभग 55.52 प्रतिशत हिस्सेदारी केंद्र सरकार से स्थानांतरण के माध्यम से प्राप्त हुई। राज्य सरकार द्वारा संसाधन बढ़ाने के लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। **अतः विकल्प (b) सही है।**

**145. (b)**

**व्याख्या: भारत वन सर्वेक्षण रिपोर्ट 2021** के अनुसार उत्तर प्रदेश में वन एवं वृक्ष आवरण क्रमशः **6.15 प्रतिशत** एवं 3.08 प्रतिशत है। **अतः विकल्प (b) सही है।**

- राज्य में वन आवरण एवं वृक्ष आवरण कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 2,40,928 वर्ग किलोमीटर का केवल 9.23 प्रतिशत है। यह राष्ट्रीय वन नीति, 1988 के मानक स्तर 33.33 प्रतिशत से कम है।
- राज्य में वर्ष 2019 की तुलना में वर्ष 2021 में 91 वर्ग किमी. की वृद्धि हुई है, जो कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 0.04 प्रतिशत है।

**146. (a)**

**व्याख्या:** लंदन स्थित भारतीय मूल की लेखिका **चेतना मारू का पहला उपन्यास 'वेस्टर्न लेन' लंदन में वर्ष 2023 के बुकर पुरस्कार के लिये चयनित किया गया था।** चेतना मारू का उपन्यास 'वेस्टर्न लेन' की विषयवस्तु गोपी नाम की 11 वर्षीय ब्रिटिश गुजराती लड़की और उसके परिवार के साथ उसके संबंधों की कहानी के इर्द-गिर्द घूमती है। **अतः विकल्प (a) सही है।**

**147. (a)**

**व्याख्या:** संस्कृति मंत्रालय ने G-20 सदस्य देशों और आमंत्रित देशों की साझा विरासत का प्रतिनिधित्व करने और सराहना करने के उद्देश्य से संस्कृति गलियारे-G-20 डिजिटल संग्रहालय की संकल्पना की है।


दृष्टि The Vision
641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009 | 21, पूसा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली | 13/15, ताशकंद मार्ग, निकट पत्रिका चौराहा, सिविल लाइन्स, प्रयागराज | प्लॉट नंबर-45 व 45-A हर्ष टॉवर-2, मेन टोंक रोड, वसुंधरा कॉलोनी, जयपुर | 47/CC, बर्लिंगटन आर्केड मॉल, विधानसभा मार्ग, लखनऊ
Phone: 8448485518, 011-47532596, 8750187501 :: www.drishtiIAS.com

Copyright – Drishti The Vision Foundation
WWW.PDFNOTES.CO
Call For Courier BHAVEST STUDY MATERIAL 9877045985

- यह परियोजना भारत की G-20 थीम 'वसुधैव कुटुंबकम' और संस्कृति कार्य समूह (CWG) के प्रमुख अभियान 'संस्कृति सभी को एकजुट करती है' पर आधारित है।
- **संस्कृति गलियारा:** G-20 डिजिटल संग्रहालय भारत में जी20 देशों के शिखर सम्मेलन के लिये आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय परियोजना है। इसका अनावरण **नई दिल्ली** में G-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन स्थल भारतमंडपम में किया जाएगा और इस शिखर सम्मेलन के बाद यह जनसामान्य के लिये खुला रहेगा। **अतः विकल्प (a) सही है।**

**148. (b)**

**व्याख्या: जया वर्मा सिन्हा को रेलवे बोर्ड, जो राष्ट्रीय यातायात के लिये निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था है, की पहली महिला CEO और अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।** सिन्हा ने अनिल कुमार लाहोटी के बाद रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और CEO का पद संभाला।

- उनकी नियुक्ति भारतीय रेलवे के 166 साल के इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण मोड़ का प्रतीक है, क्योंकि जया वर्मा सिन्हा की नियुक्ति CEO के पद पर हुई है और इस सम्मानित पद पर नियुक्त होने वाली वह पहली महिला बन गई हैं। **अतः विकल्प (b) सही है।**

**149. (d)**

**व्याख्या:** संयुक्त राज्य अमेरिका के जॉर्जिया राज्य ने राज्य में रहने वाले प्रभावी हिंदू-अमेरिकी समुदायों के मूल्यवान योगदान को पहचान दिलाने एवं सराहना करने के लिये अक्तूबर 2023 को औपचारिक रूप से 'हिंदू विरासत माह' के रूप में नामित किया है। **अतः विकल्प (d) सही है।**

**150. (a)**

**व्याख्या:** वर्ष 2023 के लिये SASTRA रामानुजन पुरस्कार कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले, USA के सहायक प्रोफेसर रुइक्सियांग झांग को प्रदान किया गया। यह पुरस्कार 2005 में शनमुघा कला, विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं अनुसंधान अकादमी (SASTRA) द्वारा स्थापित किया गया है। **अतः विकल्प (a) सही है।**


641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009 | 21, पूसा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली | 13/15, ताशकंद मार्ग, निकट पत्रिका चौराहा, सिविल लाइन्स, प्रयागराज | प्लॉट नंबर-45 व 45-A हर्ष टावर-2, मेन टोंक रोड, वसुंधरा कॉलोनी, जयपुर | 47/CC, बर्लिंगटन आर्केड मॉल, विधानसभा मार्ग, लखनऊ
**Phone:** 8448485518, 011-47532596, 8750187501 :: www.drishtiIAS.com

*Copyright – Drishti The Vision Foundation*
WWW.PDFNOTES.CO
Call For Courier BHAVEST STUDY MATERIAL 9877045985

9877045985
COURIER
BHAVESH
PHOTOSTAT

| Name Of The Candidate (As It Appears In Your 10th Standard Certificate) | ROLL NUMBER | DATE |
|---|---|---|

A A A A A A A A A A A A A A A A A A A A A A A A A A
B B B B B B B B B B B B B B B B B B B B B B B B B B
C C C C C C C C C C C C C C C C C C C C C C C C C C
D D D D D D D D D D D D D D D D D D D D D D D D D D
E E E E E E E E E E E E E E E E E E E E E E E E E E
F F F F F F F F F F F F F F F F F F F F F F F F F F
G G G G G G G G G G G G G G G G G G G G G G G G G G
H H H H H H H H H H H H H H H H H H H H H H H H H H
I I I I I I I I I I I I I I I I I I I I I I I I I I
J J J J J J J J J J J J J J J J J J J J J J J J J J
K K K K K K K K K K K K K K K K K K K K K K K K K K
L L L L L L L L L L L L L L L L L L L L L L L L L L
M M M M M M M M M M M M M M M M M M M M M M M M M M
N N N N N N N N N N N N N N N N N N N N N N N N N N
O O O O O O O O O O O O O O O O O O O O O O O O O O
P P P P P P P P P P P P P P P P P P P P P P P P P P
Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q
R R R R R R R R R R R R R R R R R R R R R R R R R R
S S S S S S S S S S S S S S S S S S S S S S S S S S
T T T T T T T T T T T T T T T T T T T T T T T T T T
U U U U U U U U U U U U U U U U U U U U U U U U U U
V V V V V V V V V V V V V V V V V V V V V V V V V V
W W W W W W W W W W W W W W W W W W W W W W W W W W
X X X X X X X X X X X X X X X X X X X X X X X X X X
Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y
Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z

ROLL NUMBER

1 1 1 1 1 1
2 2 2 2 2 2
3 3 3 3 3 3
4 4 4 4 4 4
5 5 5 5 5 5
6 6 6 6 6 6
7 7 7 7 7 7
8 8 8 8 8 8
9 9 9 9 9 9
0 0 0 0 0 0

Exam

## INSTRUCTIONS FOR FILLING THE SHEET

1. This sheet should not be folded or crushed.
2. Use only blue/black ball point pen to fill the circles.
3. Use of pencils is strictly prohibited.
4. Circles should be darkened completely and properly.
5. Cutting and erasing on this sheet is not allowed.
6. Do not use any stray marks on the sheet.
7. Do not use marker or white fluid to hide the mark.

गोलों को कैसे भरें / How To Fill Circle

| Wrong Method | Correct Method |
|---|---|
| A B ● D | A B ● D |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | A B C D | 31 | A B C D | 61 | A B C D | 91 | A B C D | 121 | A B C D |
| 2 | A B C D | 32 | A B C D | 62 | A B C D | 92 | A B C D | 122 | A B C D |
| 3 | A B C D | 33 | A B C D | 63 | A B C D | 93 | A B C D | 123 | A B C D |
| 4 | A B C D | 34 | A B C D | 64 | A B C D | 94 | A B C D | 124 | A B C D |
| 5 | A B C D | 35 | A B C D | 65 | A B C D | 95 | A B C D | 125 | A B C D |
| 6 | A B C D | 36 | A B C D | 66 | A B C D | 96 | A B C D | 126 | A B C D |
| 7 | A B C D | 37 | A B C D | 67 | A B C D | 97 | A B C D | 127 | A B C D |
| 8 | A B C D | 38 | A B C D | 68 | A B C D | 98 | A B C D | 128 | A B C D |
| 9 | A B C D | 39 | A B C D | 69 | A B C D | 99 | A B C D | 129 | A B C D |
| 10 | A B C D | 40 | A B C D | 70 | A B C D | 100 | A B C D | 130 | A B C D |
| 11 | A B C D | 41 | A B C D | 71 | A B C D | 101 | A B C D | 131 | A B C D |
| 12 | A B C D | 42 | A B C D | 72 | A B C D | 102 | A B C D | 132 | A B C D |
| 13 | A B C D | 43 | A B C D | 73 | A B C D | 103 | A B C D | 133 | A B C D |
| 14 | A B C D | 44 | A B C D | 74 | A B C D | 104 | A B C D | 134 | A B C D |
| 15 | A B C D | 45 | A B C D | 75 | A B C D | 105 | A B C D | 135 | A B C D |
| 16 | A B C D | 46 | A B C D | 76 | A B C D | 106 | A B C D | 136 | A B C D |
| 17 | A B C D | 47 | A B C D | 77 | A B C D | 107 | A B C D | 137 | A B C D |
| 18 | A B C D | 48 | A B C D | 78 | A B C D | 108 | A B C D | 138 | A B C D |
| 19 | A B C D | 49 | A B C D | 79 | A B C D | 109 | A B C D | 139 | A B C D |
| 20 | A B C D | 50 | A B C D | 80 | A B C D | 110 | A B C D | 140 | A B C D |
| 21 | A B C D | 51 | A B C D | 81 | A B C D | 111 | A B C D | 141 | A B C D |
| 22 | A B C D | 52 | A B C D | 82 | A B C D | 112 | A B C D | 142 | A B C D |
| 23 | A B C D | 53 | A B C D | 83 | A B C D | 113 | A B C D | 143 | A B C D |
| 24 | A B C D | 54 | A B C D | 84 | A B C D | 114 | A B C D | 144 | A B C D |
| 25 | A B C D | 55 | A B C D | 85 | A B C D | 115 | A B C D | 145 | A B C D |
| 26 | A B C D | 56 | A B C D | 86 | A B C D | 116 | A B C D | 146 | A B C D |
| 27 | A B C D | 57 | A B C D | 87 | A B C D | 117 | A B C D | 147 | A B C D |
| 28 | A B C D | 58 | A B C D | 88 | A B C D | 118 | A B C D | 148 | A B C D |
| 29 | A B C D | 59 | A B C D | 89 | A B C D | 119 | A B C D | 149 | A B C D |
| 30 | A B C D | 60 | A B C D | 90 | A B C D | 120 | A B C D | 150 | A B C D |



| Student's Signature | Invigilator's Signature |
|---|---|
| | |

WWW.PDFNOTES.CO